Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
RNI NO. UPHIN/2018/76874

# वेलकम इंडिया

महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 56 | बुधवार, 26 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सपा पर सीएम योगी का वार

# 'सनातन की सुंदरता उन्हें नजर नहीं आई, महाकुंभ के बारे में किया दुष्प्रचार'



**नई दिल्ली।**

योगी आदित्यनाथ ने गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को कड़ा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर की लैब और उत्तर प्रदेश व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, गंगाजल स्नान योग्य ही नहीं, बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध भी है। वैज्ञानिक परीक्षणों से यह साबित हुआ है कि गंगाजल में स्वयं को शुद्ध बनाए रखने की प्राकृतिक क्षमता है, जो इसे अन्य नदियों से अलग बनाती है। 17 जनवरी को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में संगम क्षेत्र में क्लोरोफॉर्म की मात्रा निर्धारित मानकों के भीतर पाई गई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कई कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। इसमें एक कॉरिडोर प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी धाम होते हुए काशी तक के लिए जाता है। वहीं दूसरा कॉरिडोर गोरखपुर के आसपास के क्षेत्र में तैयार हुआ है।

योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में विपक्ष के रवैये पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब पूरा विश्व प्रयागराज के महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता का साक्षी बन रहा है, तब विपक्ष सिर्फ आलोचना करने में व्यस्त है।

24 फरवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा में इस शक्तिशाली संबोधन में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की शानदार सफलता का उत्साहपूर्वक बचाव किया। 63 करोड़ से अधिक भक्तों की अभूतपूर्व उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने भारत की आध्यात्मिक विरासत और संगठनात्मक कौशल के प्रमाण के रूप में कार्यक्रम की भव्यता को रेखांकित किया। योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में विपक्ष के रवैये पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब पूरा विश्व प्रयागराज के महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता का साक्षी बन रहा है, तब विपक्ष सिर्फ आलोचना करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, आस्था और संस्कृति का वह महोत्सव है, जिसने देश की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि उन्होंने ने प्रयागराज को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आप प्रयागराज के बारे में दुष्प्रचार कर रहे थे... जैसा कि किसी ने ठीक ही कहा है, 'जिसकी जैसी दृष्टि, वैसी उसकी सृष्टि'... वे प्रयागराज को बदनाम करने के तरीके ढूंढ रहे थे। कुछ लोग संसद में कह रहे थे कि महाकुंभ में हजारों लोगों की मौत हुई है लेकिन महाकुंभ के दौरान 28,000 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया गया। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस केवल भारत को बदनाम करना चाहते हैं। उनकी लड़ाई भले ही बीजेपी के खिलाफ हो, लेकिन कभी-कभी बीजेपी के खिलाफ लड़ते-लड़ते वो भारत के खिलाफ हो जाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि महान कार्यों के प्रति समाज का रवैया तीन चरणों से गुजरता है झ उपहास, विरोध और अंततः स्वीकृति। यही हाल राम मंदिर निर्माण और महाकुंभ आयोजन के दौरान भी देखने को मिला। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं संगम में स्नान कर आए, और नेता प्रतिपक्ष ने खुद को पहले सनातनी बताया, बाद में समाजवादी।

## महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का आखिरी स्नान शुरू



**प्रयागराज।**

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक 45 दिवसीय महाकुंभ आज शिवरात्रि पर संगम में अंतिम डुबकी के साथ समाप्त हो रहा है। अब तक, समाज के हर वर्ग के लगभग रिकॉर्ड 64 करोड़ लोगों ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई है।

वहीं, महाशिवरात्रि के दिन अंतिम स्नान के लिए भारी इंतजाम किए गए हैं। संगम पर स्नान करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। महाकुंभ में शासन के निर्देश पर विशेष तौर पर तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि पर शहर के सभी शिवालयों और महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं को पुख्ता किया जाएं। अंतिम स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यह निर्देशित किया गया है कि मेला क्षेत्र और प्रमुख शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकुंभ पुलिस ने ऐसा प्लान बनाया है, जिससे वह नजदीक के घाट पर स्नान कर सकेंगे।

### यह बनाई गई है व्यवस्था

- दक्षिणी झूंसी से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान करेंगे।
- उत्तरी झूंसी से आने वाले श्रद्धालु
- संगम हरिशचंद्र घाट एवं संगम
- ओल्ड जीटी घाट पर स्नान करेंगे।
- परेड पर आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार भरद्वाज घाट, संगम द्वार नागवासुकि घाट, संगम द्वार मोरी घाट, संगम द्वार काली घाट, संगम द्वार रामघाट एवं संगम द्वार हनुमान घाट पर स्नान करेंगे।
- अरैल क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार अरैल घाट पर स्नान करेंगे।
- पांटून पुलों का संचालन श्रद्धालुओं के भीड़ के दबाव के अनुसार किया जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर प्रयागराज से आज चलेंगी 350 से अधिक ट्रेनें

**नई दिल्ली।**

महाकुंभ के अंतिम स्नान को देखते हुए रेलवे ने विशेष तैयारी की है। बुधवार को 350 से अधिक ट्रेनें चलाने की तैयारी है। रेलवे का मानना है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड एवं बंगाल समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आए हुए हैं। अमृत स्नान के बाद सबकी बेताबी घर लौटने की होगी। ऐसे में विभिन्न स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। मौनी



अमावस्या के दिन भी 360 से अधिक ट्रेनें चलाकर लगभग 20 लाख से अधिक लोगों को गंतव्य तक पहुंचाया गया था।

महाशिवरात्रि के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रयागराज आना-जाना जारी रह सकता है। ऐसे में बाद में भी अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की तैयारी है। प्रयागराज के समीप वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक रखे गए हैं, जिनका उपयोग जरूरत पड़ने पर किया जा सकेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो दिनों से बिहार के पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, सासाराम, कटिहार, खगड़िया, सहरसा, जयनगर, दरभंगा स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या अधिक रही। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, गोंडा, दीनदयाल उपाध्याय, झांसी जिलों के स्टेशनों पर भी ऐसी ही स्थिति देखी गई। मध्य प्रदेश के चित्रकूट, जबलपुर, सतना, खजुराहो स्टेशनों पर भी सामान्य दिनों की तुलना में अत्यधिक भीड़ थी।

## भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**नई दिल्ली।**



आज देशभर में महाशिवरात्रि मनाई जा रही है। उज्जैन से लेकर बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। शिवरात्रि का बहुत धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। महाशिवरात्रि के अवसर पर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आरती की गई। साथ ही महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में विशेष भस्म आरती की गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आरती की जा रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा करने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती की गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा करने के लिए महिपालपुर के शिव मूर्ति मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी और गाजियाबाद के महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना के लिए श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

## हिंदी भाषा मुद्दे पर लड़ाई के लिए तमिलनाडु सरकार तैयार

**चेन्नई।**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत तीन भाषा मुद्दे को लेकर राजग के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच जारी विवाद के बीच मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश एक और भाषा की लड़ाई को लेकर तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश पर हिंदी थोपकर केंद्र भाषा युद्ध के बीज बो रही है और इस भाषा के वर्चस्व की अनुमति नहीं दी जाएगी। डीएमके अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश किसी भाषा के विरुद्ध नहीं है और अगर कोई विशेष भाषा सीखना चाहता है तो उसके बीच में नहीं आएगा, लेकिन वे किसी अन्य भाषा को हावी होने और मातृभाषा तमिल को नष्ट करने की अनुमति ना देने के लिए भी दृढ़ हैं। यही कारण है कि हम द्विभाषी (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं। पड़ोसी राज्यों समेत देश के कई प्रदेशों ने तमिलनाडु द्वारा अपनाए गए रास्ते और दृढ़ रुख को महसूस करने के साथ अपनी चिंताएं जाहिर करना शुरू कर दिया है। हिंदी के वर्चस्व के खिलाफ संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक कि इसे समाप्त नहीं कर दिया जाता। मातृभाषा की रक्षा डीएमके के खून में है और मेरी जिंदगी के अंत तक कम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि संसद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), केंद्रीय फंड और नीट जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए पर्याप्त संख्या में सांसदों की आवश्यकता है। इस वजह से लोकसभा के परिसीमन के मुद्दे को लेकर आगामी 5 मार्च को एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है।

## गाद और पानी के लगातार प्रवाह से लोगों को बचाने में आ रही बाधा



**नगरकुरनूल।**

तेलंगाना के नगरकुरनूल जिलान्तर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की निमार्णाधीन सुरंग में फंसे आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में चार दिन बाद भी कोई सफलता नहीं मिल पाई है। भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ, जीएसआइ और अन्य एजेंसियों के विशेषज्ञों को गाद और पानी के निरंतर प्रवाह के कारण गंभीर समस्या आ रही है। सुरंग में बहुत तेज गति से पानी का प्रवाह जारी है। इसलिए बचाव कार्य में लगे लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। तेलंगाना सरकार ने लोगों को बचाने के लिए भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) और राष्ट्रीय भौगोलिक अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआइ) के विशेषज्ञों को बचाव प्रयासों में शामिल किया है। सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने इसे दुनिया में या कम से कम भारत में सबसे जटिल और कठिन सुरंग बचाव अभियान बताया क्योंकि इस सुरंग में केवल एक ही प्रवेश या निकास है। नगरकुरनूल जिला कलेक्टर बी. संतोष ने कहा, "हम फंसे हुए लोगों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

हम भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और कुछ अन्य लोगों की सलाह ले रहे हैं। फिलहाल हम पानी निकाल रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। अभी भी फंसे हुए लोगों और बचाव दल के बीच 40 या 50 मीटर का फासला है। हम जीएसआई और एनजीआरआइ की भी सलाह ले रहे हैं।

## गोविंदा और सुनीता आहूजा के रिश्ते में दरार

**नई दिल्ली।**



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक मराठी अभिनेत्री के साथ गोविंदा के कथित रिश्ते के कारण दोनों में अलगाव हुआ है। हाल ही में एक साक्षात्कार में, सुनीता आहूजा ने अपनी जीवन स्थिति के बारे में कुछ खुलासे किए। अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा आज ट्रेंडिंग लिस्ट में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी के 37 साल बाद वे अलग हो गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह जोड़ा पिछले कुछ समय से अलग रह रहा है। हालाँकि, तलाक की अफवाहों पर गोविंदा या उनकी पत्नी सुनीता आहूजा की ओर से कुछ भी आधिकारिक नहीं है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गोविंदा और सुनीता आहूजा की श्विपरीत जीवनशैली पसंदश् दरार के कारणों में से एक है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक मराठी अभिनेत्री के साथ गोविंदा के कथित रिश्ते के कारण दोनों में अलगाव हुआ है। हाल ही में एक साक्षात्कार में, सुनीता आहूजा ने अपनी जीवन स्थिति के बारे में कुछ खुलासे किए। उन्होंने खुलासा किया कि वे ज्यादातर अलग-अलग रहते हैं क्योंकि गोविंदा अक्सर उनके बंगले पर रहते हैं क्योंकि वह बैठकों और समारोहों के बाद देर तक रुकते हैं। चल रही इन अफवाहों के बीच ईटाइम्स ने एक सूत्र के हवाले से कहा, "सुनीता ने जाहिर तौर पर कुछ महीने पहले अलगाव का नोटिस भेजा था।

## जम्मू कश्मीर- हिमाचल में हिमपात और वर्षा से बदला मौसम

**नई दिल्ली।**



जम्मू-कश्मीर,हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मंगलवार को मौसम के मिजाज बदले बदले से रहे। तीनों ही राज्यों के पर्वतीय इलाकों में हिमपात और वर्षा हुई।

जनवरी और फरवरी में हुई कम बर्फबारी और वर्षा के बीच इससे कुछ राहत मिली है। अगले तीन से चार दिन तीनों राज्यों में हिमपात और वर्षा जारी रहने का मौसम विभाग का पूर्वानुमान है। कश्मीर में मंगलवार को ऊंचे पर्वतीय इलाकों में हिमपात जबकि मैदानी क्षेत्रों में वर्षा हुई। जम्मू में भी पूरे दिन रुक-रुक कर वर्षा होती रही। इससे दिन का तापमान कई डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मौसम विभाग के अनुसार मार्च की शुरूआत में भी बादल छाये रहने और हल्के हिमपात व वर्षा होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर भूस्खलन और हिमस्खलन होने की भी आशंका है। इससे यातायात प्रभावित हो सकता है। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग, शिंकुला और बारालाचा दर्रे में मंगलवार को आधा फीट तक हिमपात हुआ। राजधानी शिमला व कांगड़ा सहित कई स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। हिमपात व वर्षा के कारण प्रदेश में शीतलहर फिर से बढ़ गई है। अधिकतम तापमान में 11 डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने 26 फरवरी से पहली मार्च तक भारी हिमपात व वर्षा की चेतावनी दी है। इसके कारण यातायात व अन्य सेवाएं प्रभावित होने की संभावना भी जताई गई है। उधर उत्तराखंड के ज्यादातर पर्वतीय क्षेत्रों में बादल मंडराने के साथ ही हल्की बूंदाबांदी और हिमपात का दौर शुरू हो गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में देर शाम बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब समेत अन्य चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ जबकि, देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में भी आंशिक बादलों के बीच धूप भी खिली रही।

### आज दिल्ली-यूपी में छाए रहेंगे बादल

दिल्ली में बुधवार को पूरे दिन बादल छाए रहेंगे। कई इलाकों में छिटपुट बारिश हो सकती है। दिल्ली में मंगलवार सुबह आसमान साफ रहा और न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कटऊ के अनुसार, दिन में हल्के बादल और हवाएं चलेंगी।

## संपादक की कलम से

### कला की कसक

कला के संरक्षण के लिये नीति–नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है। बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निमार्ता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है। दशकों से रॉक गार्डन रचनात्मक मानवीय कला दृष्टि के प्रमाण के रूप में खड़ा है कि कैसे सकारात्मक सोच के साथ कचरे को आश्चर्यजनक कृति में तब्दील किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नेकचंद की इस अद्भुत कला से प्रेरित होकर देश–दुनिया के विभिन्न भागों में रॉक गार्डन की प्रतिकृति बनाने की भी प्रेरणा भी मिली। नेकचंद के जाने के बाद भी रॉक गार्डन कलात्मकता के एक जीवंत प्रमाण के रूप में विद्यमान है। ऐसे में समाज व प्रशासन का नैतिक दायित्व बनता है कि इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जाए। यही वजह है कि सिटी ब्यूटीफुल के तमाम जिम्मेदार, सजग व संभ्रांत लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये आगे आए हैं। यह विडंबना कही जाएगी हम अपनी समृद्ध और कलात्मक विरासत के एक हिस्से को सड़क निर्माण और प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों के उपयोग के लिये बनायी जा रही पार्किंग के लिये खो देंगे। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि ध्वस्त की गई दीवार रॉक गार्डन में नेक चंद द्वारा बनायी गई मूल संरचना का हिस्सा नहीं थी। दीवार को ध्वस्त करने पर बचाव के लिये दिए जाने वाले तर्क तर्कशीलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

महाशिवरात्रि

कविता



सजा है जगमग सारा कैलाश,
छाया चहुं दिश दिव्य प्रकाश,
आई परिणय की शुभ घड़ी,
हो झूमे गाएं धरती–आकाश ।

पहन गल सर्पो का हार विशाल,
जटा जूट गंगा चंद्र चमके भाल,
कर अद्भुत सुन्दर श्रृंगार चले,
बन दुल्हा देवाधिदेव महाकाल ।

देख भोले को मैनावती घबराएं,
भूतनाथ भस्मी अंग–अंग रमाएं,
राजाधिराज की माया है कमाल,
माता पार्वती भी मंद–मंद मुस्काएं ।

बम बम बम बोले भक्तगण प्यारे,
हर–हर महादेव के लगा जयकारे,
हो रही ₹आनंद₹ सुधा की बरसात,
शिव शिवा की भक्ति में डूबे सारे ।

बंटे बधाई हो रहा मंगल गुणगान,
पाएंगे बाबा से मनवांछित वरदान,
महाशिवरात्रि पूर्ण आस्था से मनाएंगे,
मिलेगा सारी समस्याओं का निदान ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मोदी का मोटापामुक्त भारत: स्वास्थ्य-क्रांति का आधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरन्तर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किये हैं। विकसित भारत-नये भारत-सशक्त भारत का आधार स्वस्थ भारत ही है। मोदी युग ने स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मोटापे को नियंत्रित पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से अपने खाना पकाने के तेल की खपत को कम करने का आग्रह किया। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, जैसे दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज, स्ट्रोक, सांस लेने में समस्याएं और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे चिंता, तनाव और अवसाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। मोटापे को नियंत्रित करने की मुहिम एक सामयिक एवं सराहनीय कदम होने के साथ स्वास्थ्य-क्रांति का आधार है।

प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहनलाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए यह अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। मोदी की मोटापे नियंत्रण से जुड़ी इस जनोपयोगी पहल से देश मे मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे।



मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार है।

अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है, सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी, तनावग्रस्त और रोगी बना रहता है। सेहत ही सबसे बड़ा धन है। ये बात जो लोग समझते हैं, वे अपनी सेहत के लिए बहुत सतर्क रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की सबसे बड़ी बाधा मोटापा है, जब कोई व्यक्ति ऊर्जा के रूप में उपयोग की जाने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी का उपभोग करता है, तो उसका शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत कर लेता है। इसी से मोटापा पनपता है। शारीरिक श्रम की कमी पेट पर मोटापा जमा होने का एक प्रमुख कारण है। आजकल की जीवनशैली में अधिकतर लोग 9-10 घंटों तक एक जगह बैठकर काम करते हैं और शारीरिक गतिविधि न के बराबर करते हैं। इससे शरीर में जमा हुई अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में कठिनाई होती है और ये कैलोरी मोटापे के रूप में बदल जाती है। तनाव और नींद की कमी भी मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, जो पेट के आसपास चर्बी जमा करने का काम करता है। नींद की कमी से मेटाबोलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर अधिक चर्बी जमा करने के लिए प्रेरित होता है। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल और पेय पदार्थ-विशेषकर वे जिनमें वसा और शर्करा की मात्रा अधिक होती है-वजन बढ़ने की अधिक संभावना रखते हैं।

लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते है, इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि स्वस्थ जीवनशैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है कि मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं- शांति, प्रसन्नता और खुराक यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं।

मोटापे अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्तव्यस्त बना देता है। निरोगी लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की यह पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूकता पैदा करेंगी। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख है। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिये शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिये प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का यह संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

– ललित गर्ग

## महाशिवरात्रि- 26 फरवरी 2025 पर विशेष

# शिवरात्रि है शिव से साक्षात्कार का महापर्व



ललित गर्ग

आदि देव महादेव शिव सभी देवताओं में सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने एवं पापों का नाश करने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। वे आशुतोष है तो भोले शंकर भी है, एक ओर जन-जन के आदर्श है तो दूसरी ओर साधकों के साधक। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सत्यं शिवं सुन्दरम् के प्रतीक शिव और उनकी रात्रि, जन-जन के जागरण की महाशिवरात्रि प्रतिवर्ष फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनायी जाती है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से पार्वती के मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है, जो शिव से एकाएक होने की चरम साधना का उत्कर्ष है। इससे जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिवरात्रि जागृति का पर्व है। जिसमें आत्मा का शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है।

प्रयागराज में महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के पवित्र एवं चमत्कारी स्नान के साथ होगा। ग्रहों और नक्षत्रों के विशेष संयोग के चलते इस बार की शिवरात्रि बेहद पुण्यदायक बताई जा रही है। प्रयागराज महाकुंभ में तो इसका महत्व और भी कई गुना बढ़ गया है। महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर बेहतर विशेष संयोग बन रहे है। इस बार सूर्य का चुंबकीय प्रभाव बहुत ही दिव्य है। ऐसा दैवीय संयोग सैकड़ो सालों के बाद बन रहा है। इस बार की महाशिवरात्रि पर चतुर्ग्रहीय योग बन



रहा है। इसमें शिवयोग भी शामिल है। महाशिवरात्रि पर शिवयोग बेहद फलदायक और कल्याणकारी होता। महाकुंभ विश्व के सबसे बड़े, प्राचीन और धार्मिक उत्सवों में एक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निमार्ता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई।

सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दुःख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दुःख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं। यह पर्व महाकाल शिव की आराधना का महापर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा एवं अभिषेक करने पर उपासक को समस्त तीर्थों के स्नान का फल प्राप्त होता है। शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है।

शिव ने संसार और संन्यास दोनों को जीया है। उन्होंने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। लेकिन हम इतने भोले हैं कि अपने शंकर को नहीं समझ पाए, उनको समझना, जानना एवं आत्मसात करना हमारे लिये स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला अनुभव सिद्ध हो सकता है। मानवीय जीवन के सभी आयाम शिव से ही पूर्णत्व को पाते हैं।

# डीएम ने की समीक्षा बैठक, समस्त उपजिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी एडीएम समस्त उप जिलाधिकारियों, डिप्टी कलेक्टरों एवं तहसीलदारों के साथ की समीक्षा बैठक में फॉर्मर्स रजिस्ट्री एवं एग्रीकल्चर क्रॉप सर्वे की खराब स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उक्त कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए कि न्यायालय में नियत समय पर बैठे तथा वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि जाति, निवास, आय आदि प्रमाण पत्रों को समयबद्धता के साथ बनाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अंश निर्धारण, आई.जी.आर.एस, ई परवाना, ई खसरा, कुरा बटवारा आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रतिदिन फाइलों को देखे, पोर्टल चेक करे तथा निस्तारण हेतु लेखपालों के साथ बैठक करे।

उन्होंने चेतावनी दी कि लेखपालों की लापरवाही से कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए। सभी उप जिलाधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। धारा 24, 80, 67, 34 आदि मामलों में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निस्तारण कराए।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों से होलिका दहन वाले प्वाइंट का निरीक्षण करने तथा थानों में पीस कमेटी की बैठक करने के साथ साथ अपने अपने क्षेत्रों में प्राइवेट हॉस्पिटलों की मैपिंग, संचालकों के साथ बैठक, एम्बुलेंस की जरूर पर उपलब्धता तथा होली के विभिन्न आयोजनों के दौरान आकस्मिक स्थिति में इलाज प्रदान करने हेतु निर्देशित करने को कहा है।

जिलाधिकारी ने निरंतर गौशालाओं के निरीक्षण करने तथा बेसहारा गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि आपके क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटना का पता होना चाहिए। सभी अपने अपने तहसीलों में रंगाई पुताई करवाये। उ अवैध खनन पर अंकुश लगाने तथा सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मांट अभिनव जे जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता, छाता श्वेता, गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, महावन आदेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह, प्राजक्ता त्रिपाठी, प्रीति जैन, रितु सिरोही, अजीत कुमार, राज कुमार भास्कर, नरेंद्र कुमार यादव सहित तहसीलदार उपस्थित रहे।

# श्रीधाम वृन्दावन के कण-कण में विद्यमान हैं श्रीराधा कृष्ण : भागवताचार्य डॉ. अशोक शास्त्री

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** चैतन्य विहार फेस-2 क्षेत्र स्थित संस्कार लोक गुरुकुलम्‌में परम रसिक संगीताचार्य अनंतश्री विभूषित निकुंजवासी सुखदेव दास महाराज (गौतम ऋषि आश्रम) की सद्प्रेरणा से चल रहा अष्टदिवसीय चतुर्थ वार्षिक महोत्सव हवन की पूर्णाहुति एवं संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा (वृहद भंडारे) के साथ संपन्न हुआ।इसके साथ ही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का भी विश्राम हुआ।

इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए संस्कार लोक गुरुकुलम्‌ के संस्थापकाध्यक्ष भागवताचार्य डॉ. अशोक शास्त्री ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन उत्सवों की भूमि है।

इस पावन भूमि के प्रत्येक कण-कण में श्रीराधा कृष्ण विद्यमान हैं।इसीलिए यहां की भूमि अत्यंत पावन व प्रणम्य है।इस भूमि पर केवल वही व्यक्ति आ सकता है,जिस पर श्रीराधाकृष्ण अपनी कृपा करते हैं।उनकी कृपा के बिना यहां आना असम्भव है।हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं जो हम इस पावन धाम में आकर ठाकुरजी का उत्सव मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वृन्दावन धाम की महिमा स्वर्ग से भी अधिक है।यहां पर रहने वाले ब्रजवासी व संत स्वर्ग जाने की आशा नहीं रखते।उनके लिए श्रीधाम वृन्दावन ही स्वर्ग से श्रेष्ठ है।इसीलिए सभी देवतागण इस ब्रजभूमि में बार बार लीला करने आते रहते हैं।यहां पर ठाकुरजी का उत्सव मनाने से अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है।

इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार एवं अध्यात्मविद् डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, मुख्य यजमान श्रीमती मीरा - सुरेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती बीनू - दीपक मुरारका, विशेष सहयोगी भक्तिमती सुशील गुप्ता, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, भक्तिमती मीरा केडिया एवं श्रीमती सुमन तथा समस्त गोपिका मण्डल (बैंगलुरु) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव का समापन संत ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# यूपी हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड द्वारा अमेठी को अयोध्या मंडल में प्रथम एवं प्रदेश में मिला 10वां स्थान

वेलकम इंडिया

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद अमेठी में जन सामान्य को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में यूपी हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड द्वारा माह जनवरी 2025 की जारी रैंकिंग में जनपद अमेठी को अयोध्या मंडल में प्रथम एवं प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नियमित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण कर मरीज को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का स्थलीय सत्यापन भी किया गया जिसका परिणाम रहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई तथा जन सामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं/कार्यक्रमों में विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने की कार्यवाही की गई। जिसका परिणाम रहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 18 इंडिकेटर्स में जनपद में बेहतर प्रदर्शन किया जिसके कारण यूपी हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड द्वारा माह जनवरी की जारी रैंकिंग में जनपद अमेठी को अयोध्या मंडल में प्रथम तथा प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि आगे भी लगातार विशेष प्रयास कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों का जनपद में बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा जिससे जन सामान्य को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

# बिना तालीम के कामयाबी नहीं मिल सकती: डा. शरीफुद्दीन




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को विकास खंड सेमरियावां के द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सेमरियावा ब्लाक के द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान रत्नसेन पीजी कॉलेज बांसी के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. डा.शरीफुद्दीन ने कहा कि तालीम के बिना कामयाबी नहीं मिल सकती। सफल जीवन के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी है। मजहबे इस्लाम में पढ़ने की तालीम दी गई है। तालीम के फरोग के लिए लोगों को जागरूक करने की जरुरत है।

इस अवसर पर हाजी उबैदुर्रहमान खां, मास्टर अब्दुल हफीज, फैजान अहमद, खालिद कमाल, जावेद अहमद, अरशद जलाल, निसार अहमद, शब्बीर अहमद, हीरालाल, एहतेशाम खान, सूरज कुमार, मुकामत हुसेन, जुनेद अहमद, मुनीर आलम आदि मौजूद रहे। समारोह ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

# जिलाधिकारी एवं सीडीओ के निर्देशन में अमेठी के किसान श्याम तिवारी बने आत्मनिर्भर, मधुमक्खी पालन से कमा रहे लाखों

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के कुशल नेतृत्व में जनपद अमेठी के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड सिंहपुर के ग्राम फत्तेपुर निवासी श्याम तिवारी ने इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को अपनाया और आज हर माह रू40,000 तक की आय अर्जित कर रहे हैं।

श्याम तिवारी को समाचार पत्रों और उद्यान विभाग अमेठी के अधिकारियों से जानकारी मिली कि मधुमक्खी पालन के लिए सरकार अनुदान भी देती है। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में उन्हें उद्यान विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण मिला। इसके बाद उन्होंने रू2.20 लाख की लागत से 50 सेट मौनवंश/मौनगृह व उपकरण खरीदे और अपने बाग में मधुमक्खी पालन की शुरूआत की।

श्याम तिवारी के अनुसार, उनके मधुमक्खी पालन से हर 15 दिन में 2 से 2.5 क्विंटल शहद का उत्पादन हो रहा है, जो बाजार में रू12,000 से रू16,000 प्रति क्विंटल की दर से बिकता है। इससे उन्हें प्रतिमाह रू32,000 से रू40,000 की आय हो रही है। इस प्रकार, उन्होंने एक वर्ष में लगभग रू3.5 लाख तक की अतिरिक्त आय अर्जित की और अपने आर्थिक संकट से बाहर आने में सफलता प्राप्त की।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा, "राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। अमेठी में इस योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। मधुमक्खी पालन जैसी नई तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

श्याम तिवारी को उद्यान विभाग के माध्यम से अनुदान भी प्रदान किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता मिली और मधुमक्खी पालन व्यवसाय को और विस्तार देने में मदद मिली। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिले में कृषि आधारित योजनाओं को बढ़ावा देने का कार्य जारी है।

# छह गांवों को नगर पंचायत बनाने की मांग

वेलकम इंडिया

- सांसद हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की मांग
- अडींग, ओल, नौहझील, पैगांव, सोनई तथा मांट प्रस्ताव में शामिल
- बडी ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाने से विकास को लगेंगे पंख

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने जनपद की छह ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने इसमें गोवर्धन तहसील की अड़ींग व ओल, मांट से नौहझील,छाता से पैगांव, बलदेव की सोनई तथा मांट को नगर पंचायत बनाने का आग्रह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया है।

मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि संसदीय क्षेत्र मथुरा भगवान कृष्ण की लीला व क्रीडा भूमि है। इसीलिए समूचे विश्व के आकर्षण का केन्द्र है। यहां करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। इससे अनेक स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है। सरकार इस दिशा में स्वयं प्रगतिशील है। बढ़ते तीर्थाटन के मद्देनजर बृहद जनसंख्या वाली एवं धार्मिक स्थलों के नजदीकी ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाने से सरकार की तीर्थ विकास की सोच को गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कोई भी श्रद्धालु आता है तो वह तीर्थ स्थलों के निकट के स्थलों से भी रूबरू होता है। इसलिए विकास उन स्थानों पर भी होना चाहिए। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव ने अवगत कराया कि गोवर्धन क्षेत्र की अड़ींग और ओल को नगर पंचायत बनाने की मांग तीन दशक से की जा रही है। पूर्व में तत्कालीन विधायकों ने विधानसभा में भी सवाल उठाए।

बड़ी ग्राम पंचायतों के बेहतर संचालन के लिए संसाधन भी चाहिए जोकि ग्राम पंचायतों के पास नहीं हैं। कयी पंचायत एक से डेढ़ किलोमीटर में फैली हैं और साफ सफाई के लिए तीन चार लोग भी नहीं होते। आदमी हों तो संसाधन नहीं होते। उन्होंने सांसद महोदया का आभार जताया कि उन्होंने ग्रामीण विकास के मुद्दे को गंभीरता से लिया है व सतत रूप से परस्यू करने का आश्वासन दिया है।

# किसानों और कार्यकर्ताओं के साथ टोल कर्मियों द्वारा की अभद्रता नाराज भाकियू चढूनी कार्यकर्ताओं ने फरह टोल पर दिया धरना

वेलकम इंडिया



**मथुरा/फरह।** फरह टोल कर्मियों द्वारा आए दिन किसानों और कार्यकताओं से अभद्रता से नाराज भाकियू चढूनी ने फरह टोल पर धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, जिला अध्यक्ष संजय पराशर, प्रदेश सचिव सतीश चन्द्र ने कहा कि टोल कर्मी आए दिन किसानों व आम जनता के साथ अभद्रता करते हैं जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गड़करी संसद में घोषणा करते हैं कि टोल प्लाजा के 15 किलोमीटर के दायरे में आधार कार्ड दिखाने पर किसानों, ग्रामों से टोल टैक्स नहीं बसूला जाएगा। टोल कर्मी भारत के सड़क राज मंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

युवा प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल राहुल चौधरी ने बताया 14 फरवरी को वह अपनी भतीजी को गंभीर हालत में आगरा इलाज के लिए ले जा रहे थे इस दौरान गाड़ी निकालने को लेकर उनसे जबरन वसूली व दुर्व्यवहार किया गया। जिसकी शिकायत उन्होंने जिला अधिकारी से भी की है। टोल मैनेजर द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी भी किसान और कार्यकर्ता को परेशान नहीं किया जाएगा। सभी के सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा इसके बाद धरना स्थगित कर दिया। चेतावनी दी कि भविष्य में यदि टोल कर्मी ने अभद्रता की या परेशान किया तो टोल पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन में जगदीश निषाद, बिल्ला सिंह सिकरवार, मेहताब सिंह नेताजी, जयपाल सिंह चौधरी, छत्रपाल सिंह, हरिपाल सिंह परिहार, हरिओम सिंह परिहार, ओमवीर सिंह मास्टर, रामकुमार निषाद, बच्चू सिंह, सोनवीर सिंह तोमर, अंतराम शर्मा, पंचम सिंह पचहरा, प्रकाश तोमर, रमेश उपाध्याय, बोली सिकरवार आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री गिरधारी अपना घर आश्रम का हुआ शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** बेसहारों की सेवा के लिए समर्पित प्रसिद्ध सेवा संस्था मां माधुरी बृज बारिस सेवा सदन 'अपना घर' भरतपुर द्वारा सेवा का एक और प्रकल्प श्री गिरधारी अपना घर आश्रम गोवर्धन का भूमि पूजन परिक्रमा मार्ग स्थित नारद कुंड के समीप किया गया। इस अवसर पर बृजनिष्ठ संत सियाराम दास बाबा और कन्हैया बाबा की गरिमामयी उपस्थिति में सदन की संस्थापिका डॉ.माधुरी भारद्वाज यूएसए फाउंडेशन के प्रमुख नंदकिशोर तोदी,श्रीमती शशि तोदी और मोहनजी द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया इस सुअवसर पर श्री गिरि गोवर्धन सेवा समिति गोवर्धन के सभी स्वयंसेवी सदस्यों ने सेवा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

संत जुगल किशोर महाराज के द्वारा दान की गई भूमि पर तोदी फाउंडेशन द्वारा निर्मित किये जा रहे इस आश्रम के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए संत सियाराम बाबा ने कहा कि कुछ लोगों के पास सेवा करने का मन होता है किंतु धन नहीं होता जबकि कुछ लोगों के पास धन तो होता है किंतु सेवा का मन नहीं होता प्रभु ने तोदी जी को दोनों ही दिया है ईश्वर उनके सेवा भाव में उत्तरोत्तर वृद्धि करता रहे और ऐसे सेवाकार्य होते रहें।

कन्हैया बाबा ने कहा कि नर सेवा-नारायण सेवा का साक्षात स्वरूप है-अपना घर आश्रम। उन्होंने अपना घर से जुड़े श्री गिरी गोवर्धन सेवा समिति के सेवा भावी युवाओं की की सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर नारदकुंड के महंत दीनबंधु शरण दास ने कहा बृज में जो सेवा करता है वह भी बृजवासी है इससे लगता है की ब्रज में बृजवासियों की सेवा प्रभु सेवा के समान है।

इस अवसर पर आगुंतक महानुभावों का स्वागत वंशीवट सेवा आश्रम अपनाघर के सचिव केशव मुखिया, श्रीमती रेखा मुखिया, श्री गिरि गोवर्धन सेवा समिति के सुदीप भट्ट और भोला गोकुलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नृत्यगोपाल दुबे और श्रीमती कुसुमलता द्वारा किया गया। आभार अपना घर बंसीवट सेवा आश्रम के अध्यक्ष बृजेंद्र बिहारी चकाचक ने किया।

अवसर पर महेश बंसल, धन्नाराम, शैलेंद्र त्यागी, मोहन जी, दयाराम तंवर, श्री गिरी गोवर्धन सेवा समिति के संजीव खंडेलवाल, देवेंद्र पाठक, फतेह सिंह ठाकुर, सुदीप भट्ट, विष्णु रावत, भोला गोकुलिया, डॉ नीरज गोला, डॉ भगवान सिंह, राकेश लालाजी, विनय उपाध्याय, लोकेश पचौरी, राहुल सिंह, गिरधर शर्मा, रामशरण शर्मा, समाजसेवी भगवान सिंह हलवाई, डॉ.विनोद दीक्षित, दिलीप कुमार कौशिक, राजेंद्र प्रसाद बिड़ला, श्रीमती उर्मिला मुखिया, प्रभु दयाल कौशिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोवर्धन की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ नेहा चौधरी आदि उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधानों ने विकास खंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बेलहर, संतकबीरनगर।** विकास कार्यों में आ रही बाधाओं के चलते लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायतों में कच्चा और पक्का कार्य 60:40 अनुपात में अधर में लटका हुआ है। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय परिसर में पहुंचकर विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि बेलहर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालेपार, बरैनिया, भिटिया, दुधारा, दुल्हीपार, गजौली, हटवा, जंगल दशहर, जंगल बेलहर, कन्हरापार, खटियावां, मठिया पार, मीरापुर पड़िया, पिपरा प्रथम, रमवापुर, कोलकी चमरसन, कुश्मामाफी सहित कई गांवों में कच्चे और पक्के निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ मौर्य के नेतृत्व में ग्राम प्रधान फूलचंद्र यादव, अर्जुन यादव, कोमल प्रसाद, श्यामजी यादव, मंजू सिंह, राधेश्याम, राम प्रकाश दूबे, उर्मिला देवी, राम भवन सहित अनेक ग्राम प्रधानों ने विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# अपार आईडी कार्ड बनाने को निकाली गयी जागरूकता रैली



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमीरपुर में आज अपार आईडी, फैमिली आईडी और किसान आइडी के प्रति ग्रामवासियों, अभिभावकों एवं आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली निकाली गई।

जन जागरूकता रैली का प्रारंभ एकदमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती कांता द्वारा किया गया। रैली में अकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि जागरूकता रैली के माध्यम से अपार आईडी, फैमिली आईडी एवं किसान आइडी बनाने के लिए ग्रामवासियों और अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अपार आईडी कार्ड आधार कार्ड की तरह ही होगा। इस कार्ड पर संबंधित छात्र की यूनिक आईडी मेंशन होगी। यह कार्ड प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए बनाया जा रहा है, यद्यपि इसके लिए अभिभावकों की सहमति लेना अनिवार्य है।

रैली का संचालन नोडल संकुल शिक्षिका गीता रावत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रेनू अग्रवाल, कांता देवी, सुनीता कुमारी, जय कुल रंजन, पूनम, गीता रावत, मिथिलेश कुमारी आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) के कार्यक्रमों/संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनने की प्रगति एवं 70 वर्ष या उससे अधिक की आयु के सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय सहित जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं में यदि कोई कमी है तो उसे तत्काल सुधारने की आवश्यकता है।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई, जिसमें जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के भुगतान की स्थिति, गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव का आंकड़ा, ओपीडी/आईपीडी में माहवार मरीजों की संख्या के सापेक्ष दवाओं का वितरण आदि की आंकड़ेवर समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग, रेवीज टीकाकरण, स्नेक बाइट वैक्सीन की उपलब्धता, चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता, रूटीन टीकाकरण आभा आईडी आरसीएच पोर्टल व ई-कवच पोर्टल की प्रगति सहित मरीजों के हित में स्वास्थ्य संबंधित उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी अपने चिकित्सालयों में मरीजों के उचित देखभाल से संबंधित बेसिक सुविधाओं जैसे-बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय, व्हीलचेयर सहित अन्य चिकित्सीय उपकरणों आदि के सुचारू संचालन सुनिश्चित रखें।

बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे-आशा एवं ए0एन0एम0 की कार्य प्रणाली, संस्थागत प्रसव आदि से सम्बंधित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (आशा/एएनएम) से है उसकी समीक्षा अनिवार्य रूप से मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित चिकित्साधिकारीगण एक-एक आशा/एएनएम के सापेक्ष सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं/कार्यक्रमों के संचालन एवं आउटपुट की सतर्क मॉनीटरिंग भी की जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप उपस्थित सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सरकारी चिकित्सक के रूप में तैनाती के बावजूद यदि किसी चिकित्सक के द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस अथवा निजी चिकित्सालयों से सम्बद्वता पायी जायेगी तो सम्बंधित के विरूद्व कार्यवाही करने की संस्तुति कर दी जायेगी।

# बीएसएनएल की लचर संचार व्यवस्था पर डीएम खफा, जताई कड़ी नाराजगी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिले में बीएसएनएल की संचार सेवाओं में आ रही दिक्कतों को लेकर नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने बीएसएनएल के मंडल अभियंता आशीष निगम को तलब कर कड़ी नाराजगी जताते हुए शीघ्र संचार व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कड़े निर्देश देते हुए डीएम भटगाई ने कहा कि संचार व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता को निर्बाध संचार सुविधा उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

संचार सेवाओं में व्यवधान से आमजन को हो रही परेशानी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह न केवल नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं, ऑनलाइन शिक्षा और व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। जिले में 48 मोबाइल टावर लगाए जाने थे, जिनमें से 33 में कार्य पूर्ण हो चुका है। हालांकि बैठक में सामने आया कि उनमें से भी कई सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह स्थिति अस्वीकार्य है, क्योंकि सुचारू संचार व्यवस्था न केवल प्रशासनिक कार्यों बल्कि नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित टावरों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए और चालू टावरों की कार्यप्रणाली को दुरुस्त कर नागरिकों को निर्बाध सेवा प्रदान की जाए। साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नेटवर्क की गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत बने कार्ड का वितरण करेंगी महिला आयोग की सदस्या



**संतकबीरनगर।** भारत के मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से चल रहे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत बने कार्ड का वितरण 27 फरवरी को सायं 05:00 बजे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती जनक नंदनी द्वारा नगर पंचायत मगहर की स्वयं सेवी संस्था एकलव्य एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के गांधी आश्रम वार्ड स्थित कार्यालय पर वितरित करेंगी। उक्त जानकारी मुख्य ट्रस्टी गौरव कुमार निषाद ने एक विज्ञप्ति में दी है।

# बिजनौर से होकर जाएगा गंगा एक्सप्रेसवे सीएम योगी ने दिया आश्वासन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से जनपद बिजनौर वासियों की प्रमुख मांग जनपद के चहुमुखी विकास हेतु गंगा एक्सप्रेसवे को जनपद बिजनौर से जोड़े जाने के संबंध में भेंट कर अवगत कराया। नहटौर विधायक ओम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी ने मुझे आश्वस्त किया कि गंगा एक्सप्रेसवे जनपद बिजनौर से अवश्य जोड़ा जाएगा। मैने मुख्यमंत्री जी को भगवान शंकर की प्रतिमा भेंट कर आगामी महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी तथा कावड़ यात्रा के संबंध में जिलाधिकारी बिजनौर पुलिस अधीक्षक बिजनौर सहित जिले में कावड़ यात्रा सेवा में लगे अधिकारियों भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के उत्तम सेवा के बारे में भी अवगत कराया। जिसको सुनकर मुख्यमंत्री जी ने अति प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री जी ने मुझे यह भी अवगत कराया कि मैं जल्द ही जनपद बिजनौर का दौरा करूंगा। विकास व तरक़्की से जुड़े विषयों पर मुख्यमंत्री जी का रुख सदैव सकारात्मक रहा है।

# दो भाइयों के बीच हुई मारपीट कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों भाइयों के परिवार की महिलाओं ने भी जमकर मारपीट की। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी राजेंद्र पुत्र राम सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात वह अपने घर पर बैठा हुआ था आरोप है कि तभी उसका भाई कर्मवीर व उसकी पत्नी कम्मो अपने कई अन्य साथियों के साथ हाथों में लाठी डंडें लेकर आया और पीड़ित सहित उसकी पुत्रवधू एवं पुत्री और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। दूसरी और कर्मवीर ने बताया कि उसके भाई राजेंद्र एवं उसके पुत्र सुनील सहित कई लोगों ने पीड़ित व उसकी पत्नी कम्मो के साथ लात, घुसों व डंडों से मारपीट कर घायल किया है।

# 14 सड़कों की सफाई के लिए 16 .5 करोड़ जारी, हर एक किमी पर तैनात होंगे दो कर्मचारी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** अब तक स्मार्ट सिटी की पांच सड़कों की नगर निगम विशेष सफाई करा रहा था लेकिन अब शहर की 14 सड़कों की सफाई के लिए निजी एजेंसी को ठेका दे दिया गया है। करीब 75 किमी लंबाई की इन सड़कों की सफाई पर साल में 16.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एग्रीमेंट की शर्तों के मुताबिक चिह्नित की गईं 14 सड़कों की सफाई रोज दो शिफ्टों में की जाएगी। ठेका लेने वाली एजेंसी को सड़क की दोनों साइड में प्रति किलोमीटर दो सफाई कर्मचारियों को तैनात करना होगा। हर तीन किलोमीटर पर एक सुपरवाइजर भी तैनात होगा। शर्तों के मुताबिक निजी एजेंसी के कर्मचारी हर रोज सुबह सात से 11 बजे और रात को आठ से 11 बजे तक सफाई करेंगे। सफाई की मॉनिटरिंग करने के लिए भी एक टीम बनाई जाएगी जो कभी भी अचानक सड़कों पर सफाई की स्थिति चेक करेगी। उसकी रिपोर्ट पर ही एजेंसी को भुगतान किया जाएगा।

> जल्द कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद निजी एजेंसी सड़कों की सफाई की जिम्मेदारी संभाल लेगी। फिलहाल नगर निगम के जो कर्मचारी इन सड़कों की सफाई के लिए तैनात हैं, उन्हें हटाकर वार्डों में तैनात किया जाएगा। **–नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानुप्रकाश नगर निगम बरेली।**

## इन सड़कों को चमकाने की हो रही तैयारी

- सेटेलाइट तिराहे से बीसलपुर चौराहा होते हुए डोहरा मोड़ से सुरेश शर्मा नगर तिराहे तक।
- सुरेश शर्मा नगर तिराहे से फीनिक्स मॉल वाया बैरियर– टू तक।
- गांधी उद्यान से विकास भवन होते हुए शहामतगंज चौराहा और फ्लाईओवर होते हुए ईंट पजाया चौराहे से आदिनाथ चौक तक।
- आदिनाथ चौक से आईवीआरआई रोड होते हुए फ्लाईओवर के ऊपर और नीचे अंडरपास होते हुए इज्जतनगर तिराहे से किशोर सदन तक।
- किला क्रॉसिंग से बीबीएल स्कूल के सामने हार्टमन पुल पर चढ़ते हुए कुदेशिया ओवरब्रिज होते हुए इज्जतनगर रेलवे स्टेशन तिराहे तक।

इज्जतनगर रेलवे स्टेशन तिराहे से मिनी बाईपास होते हुए रामपुर रोड तक।

- ईसाइयों की पुलिया से खुर्रम गौटिया, बियावानी कोठी, मालियों की पुलिया के चौराहे से तीन सौ बेड अस्पताल तक।
- दामोदर पार्क, पुलिस लाइन, अटल सेतु के ऊपर और नीचे, सिटी स्टेशन से दूल्हे मियां की मजार, किला ओवरब्रिज से सत्यप्रकाश पार्क होते हुए मिनी बाईपास तिराहे तक।
- चौपुला ओवरब्रिज से बदायूं रोड पर उतरने के बाद करगैना तक दोनों साइड और रेलवे जंक्शन से मालगोदाम वाया चौपुला चौराहे तक।
- किला पुलिस चौकी, तिलक कॉलेज, बड़ा बाजार से कुतुबखाना चौराहा होते हुए बांसमंडी, शहामतगंज में रामा पंसारी चौराहे तक।
- आदिनाथ चौराहे से एयरफोर्स स्टेशन, बैरियर टू तिराहा वाला रोड, आदिनाथ चौक से सौफुटा वाया पीलीभीत रोड तिराहे तक।
- कोहाड़ापीर से कुदेशिया ओवरब्रिज के ऊपर और नीचे अंडरपास होते हुए धर्मकांटा चौराहे से टीबरीनाथ मंदिर होते हुए टी–प्वाइंट तक।

# घुश्मेश्वरनाथ धाम पहुचे डीएम, एसपी और एसडीएम सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़।** जनपद के पौराणिक तीर्थ स्थल बारहवे ज्योतिर्लिंग बाबा घुस्वमेश्वरनाथ महाशिवरात्रि मे कावरियो और श्रद्धालुओ की जुटने वाली अपार भीड की दृष्टि से जिलाधिकारी प्रतापगढ़ श्री शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा सीओ लालगंज श्री रामसूरत सोनकर व एसडीएम नैन्सी सिह भौतिक रूप से भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिले के और तहसील के आला अधिकारियो ने अपने मातहतो को निर्देश देते हुए कगा कि मंदिर परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित हो। भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं, बैरिकेडिंग एवं ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाए। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी बढ़ाई जाए। शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सतत मॉनिटरिंग एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए।

# सड़क निर्माण के लिए जारी हुए 39.48 लाख, रोडवेज बसें चलने की उम्मीद जगी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** फरीदपुर की जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए शासन ने 468 लाख 66 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी है। इनमें 2.6 किलोमीटर लंबे भगवंतापुर से मेवा सफार्पुर मार्ग के निर्माण के लिए भी 39.48 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा 580 मीटर लंबे फरीदपुर-भुता बाईपास मार्ग के लिए भी 7.22 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया है कि फरीदपुर में भगवंतापुर से मेवा सफार्पुर रोड से होते हुए खुदागंज से दिल्ली की रोडवेज बस गुजरती थी। कुछ साल पहले मेवा सफार्पुर रोड बरसात में कट गई और जर्जर सड़क पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। बसें भी चलनी बंद हो गईं थीं। अब धनराशि मिलने से सड़कें बनेंगी और बसें फिर से चलने की उम्मीद है। शासन ने 1.75 किलोमीटर लंबे भगवंतापुर मार्ग से जवाहरगंज मार्ग तक के लिए 21.26 लाख रुपये, 4.415 किमी लंबे मेहत्तर तिजा सिंह मार्ग से शाहपुर बनियान के लिए 53.63 लाख रुपये, 3.4 किमी लंबे शाहपुर बनियान से सलेमपुर मार्ग के लिए 41.3 लाख रुपये, 2.85 किमी लंबे बरेली बीसलपुर मार्ग से सुन्नौरा मुरारपुर तक के लिए 43.28 लाख रुपये, 3.06 किमी लंबे बरेली बीसलपुर मार्ग से ब्रह्मपुर हुसैन और कौआखेड़ा मार्ग के लिए 42.52 लाख रुपये, दो किमी लंबे महोलिया करोड़ से महमूदापुर मार्ग के लिए 24.3 लाख रुपये, 4.98 किमी लंबे मल्हपुर से मेहतरपुर मार्ग के लिए 62.72 लाख रुपये, 3.35 किमी लंबे बुखारा मानपुर चकटिया रूरिया मार्ग के लिए 40.92 लाख रुपये, 1.1 किमी लंबे फरीदपुर खलपुर से डनडौली मार्ग के लिए 13.71 लाख रुपये, कुआटांडा में 900 मीटर लंबे फरीदपुर बीसलपुर मार्ग से मरोड़ा मार्ग के लिए 14.01 लाख, 2.53 किमी लंबे मिजार्पुर भुता से महेशपुर मार्ग के लिए 39.4 लाख रुपये, दो किमी लंबे फरीदपुर भुता से खजुरिया संपत मार्ग के लिए 24.91 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं।

> फरीदपुर क्षेत्र की कई सड़कों के लिए बजट जारी हुआ है। कुछ सड़कों पर निर्माण चल रहा था। जल्द ही अन्य सड़कों का भी निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। **–राजीव अग्रवाल, अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड बरेली।**

# रेलवे अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा, भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (यातायात) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने दिनांक 24.02.25 सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

रेलवे सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश का एक बड़ा हिस्सा हर दिन रेल का इस्तेमाल करता है। रेलवे सेवा अधिकारियों के रूप में, उन्हें हमारी गतिशीलता को बढ़ाने और इस तरह हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभानी है।

इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने भारत के राष्ट्रपति को पिछले एक दशक में रेल बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में हुए विकास और रेलवे की अन्य चल रही परियोजनाओं से अवगत कराया, जो आत्मनिर्भर राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चार परिवीक्षाधीन अधिकारियों, स्वर्णिम भारद्वाज, तस्कीन खान, आकाश डागर और कृतिका मिश्रा ने प्रशिक्षण का संक्षिप्त विवरण दिया तथा यह प्रण लिया कि वे स्वतंत्रता की शताब्दी पर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी सेवा देने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर भारतीय परिवहन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी, आईआरआईएफएम, सिकंदराबाद की महानिदेशक अपर्णा गर्ग, लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी के आईजी सह निदेशक बी वेंकटेश्वर राव और शिमला के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी के महानिदेशक मनीष कुमार भी उपस्थित थे।

# माफिया अशरफ के साले सद्दाम और उसके सहयोगी लल्ला गद्दी की सम्पत्ति कुर्क करने का नोटिस जारी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम और उसके सहयोगी मोहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी की संपत्ति को कुर्क करने का नोटिस तामील करा दिया गया है। अब प्रशासन जल्द ही दोनों की 5.29 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा करेगा। गैंगस्टर एक्ट के तहत बदायूं जेल में बंद सद्दाम और उसके साथी लल्ला गद्दी की बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला में स्थित तीन बीघा जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के बाद अशरफ को बरेली जिला जेल में स्थानांतरित किया गया था। उसने अपने साले सद्दाम की मदद के लिए प्रयागराज से बरेली आकर फाइक एन्क्लेव के खुशबू एन्क्लेव में ठिकाना बनाया था। यहां उसने 2023 में 11 बदमाशों का गिरोह बनाकर जमीनों के अवैध सौदे और कब्जे शुरू कर दिए। मार्च 2023 में पुलिस को पता चला कि यह गिरोह जेल में अशरफ को सुविधाएं मुहैया करा रहा था। सीसीटीवी फुटेज में यह खुलासा हुआ कि सद्दाम और उसके गुर्गे अशरफ को खाने-पीने की वस्तुएं, मोबाइल फोन और अन्य सामग्री पहुंचा रहे थे। इस मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने अशरफ, सद्दाम और उनके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एसएसपी की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने पाया कि सद्दाम और लल्ला गद्दी ने आपराधिक गतिविधियों से अवैध धन अर्जित किया है। इस धन से मोहम्मद जाहिद और इलियास के नाम पर हरूनगला में जमीन खरीदी गई थी। इस संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे के आधार पर जब्त करने का अनुरोध किया गया था। जिसके बाद जिलाधिकारी न्यायालय ने 19 फरवरी 2025 को आदेश जारी कर सद्दाम और लल्ला गद्दी की हरूनगला स्थित 5.29 करोड़ रुपये मूल्य की तीन बीघा जमीन को कुर्क करने के निर्देश दिए। यह संपत्ति गाटा संख्या 530 और 531 के अंतर्गत आती है, जिसमें से 1.5810 हेक्टेयर भूमि का 1/10 भाग यानी लगभग तीन बीघा कुर्क किया जाएगा।

# एड सुरेश कुशवाहा बने श्री मारकण्डेश्वर कुशवाहा समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष



**झांसी।** श्री मारकण्डेश्वर कुशवाहा समाज पंचायत भवन पंचकुईयां पर देवी सिंह कुशवाहा वरिष्ठ संरक्षक कुशवाहा समाज की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष पद रिक्त होने पर चर्चा हुई और सर्व सम्मति से सुरेश कुशवाहा एडवोकेट कांछाभांवर कार्यकारिणी सदस्य को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। बैठक में निर्णय लिये गये कि कुशवाहा समाज का होली मिलन समारोह एवं कुशवाहा समाज की जनरल सभा बुलाकर कुशवाहा समाज का सदस्यता अभियान चलाया जायेगा जिससे नवीन कार्यकारिणी का चुनाव हो सकें।

बैठक में वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा उपाध्यक्ष, लखन लाल महामंत्री, दामोदर दास मंत्री, रमेश चौधरी, धर्मेन्द्र कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राहुल नैन्सी, पवन कुशवाहा, मथुरा कुशवाहा, लालाराम जलजीरा सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भागीरथ कुशवाहा, एडवोकेट रामकिशन कुशवाहा, हरी राम कुशवाहा, इंजी मानवेंद्र सिंह कुशवाहा, एड रामकुमार कुशवाहा पाडरी राकेश कुशवाहा बड़ागांव सहित आदि उपस्थित रहें।

# पुलिस ने तामेश्वर नाथ मंदिर का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री दिनेश कुमार पी. द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सत्यजीत गुप्ता के साथ महाशिवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत तामेश्वरनाथ मंदिर व मेला परिसर का भ्रमण किया गया। डीआईजी बस्ती द्वारा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

(1). भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मंदिर/मेला परिसर को एक जोन व अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित कर ड्यूटी लगायी जाये।

(2) मुख्य क्षेत्रों में निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाये व सूचना /निर्देश देने के लिये लाउडस्पीकर/पीए सिस्टम को उपयोग में लाया जाये।

(3). मन्दिर परिसर मे अस्थायी दुकाने/ फूल माला की दुकाने एक तरफ लगायी जाये जिससे श्रद्धालुओ को सुविधा रहे।

(4). निकास /प्रवेश द्वार पर शिफ्टवार व कम समय के लिये अधि0कर्म0गण (महिला/पुरुष) की ड्यूटी लगाये जाये।

(5). मन्दिर में प्रवेश हेतु पुरुष व महिला की अलग-अलग लाइन हो, जिससे भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सके और लाइन तेजी से बढ़ती रहे।

(6) आयोजकों से वार्ता कर सुनिश्चित कर लिया जाये कि जब जल चढ़ाना प्रारंभ हो जाये तो मध्य में कपाट बंद ना किया जाये।

(7) मन्दिर परिसर/मेला परिसर में सभी अधिकारीगण वायरलेस सेट के द्वारा कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क मे रहेगें। कंट्रोल रूम में सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहेंगे तथा आवश्यकतानुसार सभी को निर्देशित करते रहेंगे।

# प्रतिबन्धित पेड़ों का कटान रोकने में वन विभाग नाकाम

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** थाना आहार क्षेत्र के गांव खदानें में प्रतिबन्धित शीशम के हरे भरे पेड़ों को वन माफिया ने दिन निकलने के साथ ही उड़ा दिया। उत्तर प्रदेश सरकार भले ही माफिया पर कड़ी कार्रवाई कर रही है लेकिन सरकार भी माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं करती क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि दिन निकलने की साथ ही हरे भरे प्रतिबन्धित वृक्षों को उड़ा देते हैं। लेकिन इस पर न तो वन विभाग कार्यवाही करता है। ना ही स्थानीय पुलिस अगर कार्यवाही होती है तो सिर्फ दिखावे के लिए ताजा मामला ग्राम खदानें .का है। जहां पर लकडी माफिया ने सुबह लगभाग 7:00 बजे ही हरे शीशम के पेड़ों को काट डाला कहीं न कहीं विभाग की लापरवाही या फिर ढुलमुल रवैये का नतीजा सामने आ रहा है। क्योंकि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। यही वजह है कि वन माफिया बेखौफ होकर हरे पेड़ों को काट रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार पेड़ों की कटाई पर चाहे जितनी भी रोक लगा ले। लेकिन हरे पेड़ों की अवैध कटाई पर लगाम नहीं लगा पा रही है। आखिर किसके समर्थन से इतने बड़े पैमाने पर कटान हो रहा है? वन माफिया रोजाना ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों को काट रहे हैं यह सिलसिला जारी है। वन माफिया अपने निजी फायदे और पैसे कमाने के लिए आम, जामुन, तुन गूलर सागौन शीशम जैसे पेड़ों को काटने से नहीं हिचकते है खबर प्रकाशित होने तक वन विभाग की तरफ से किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ विनीता सिंह, बुलंदशहर

# सुन्ना प्रकरण में महिला सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में बच्चों के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर एक महिला सहित चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।?थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में सोमवार की देर शाम अफसरुन व आशू के बच्चों के बीच मामूली विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। मारपीट में 40 वर्षीय अपसरून की मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई साजिद ने तहरीर देकर बताया कि उसके भाई अपसरून की पुत्री मुस्कान एवं पड़ोसी आशू की पुत्री मंतशा के बीच कहासुनी हुई थी। जब उसका भाई बीच बचाव करने के लिए आया तो आरोप है कि आशु ने अपने परिवार के जावेद, ताजूदीन, एवं अपनी पत्नी अफसाना के साथ मिलकर उसके भाई को पकड़ लिया था और उसके साथ मारपीट कर दी थी। मारपीट के बाद अफसरून बेहोश होकर जमीन पर गिर गया था। जब परिजनों ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात है विश्व भर में :राम प्रसाद पॉल

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों साल पूर्व भगवान श्रीकृष्ण पूरी मानवता को कर्म करने का संदेश देने के लिए गीता के उपदेश दिए। इसलिए धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बना चुका है। इस पावन धरा पर हर वर्ष लाखों लोग पहुंचते है, इससे कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश से एक विशेष संदेश लेकर अपने प्रदेश को लौट रहे है।

डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल मंगलवार को गीता स्थली ज्योतिसर में अधिकारियों के संग अपने मन की बात को साझा कर रहे थे। इससे पहले त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल पंजाब मालवा से बीजेपी संगठन मंत्री गोपाल सोनी, पूर्व चेयरमैन हरियाणा कृष्ण ढुल, हरियाणा 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने गीता स्थली ज्योतिसर, श्रीकृष्ण संग्रहालय, पैनोरमा, ब्रह्मसरोवर, गीता ज्ञान संस्थान सहित अन्य तीर्थ स्थलों का अवलोकन किया। इसके उपरांत चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर के साथ-साथ सभी मेहमानों को कॉफी टेबल बुक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र ऐसी पावन धरा है जिस धरा से पूरे विश्व को शिक्षा, संस्कारों के साथ-साथ गीता के उपदेशों का ज्ञान हुआ। यह गीता के उपदेश आज भी पूर्णतया प्रासंगिक है, जो मनुष्य पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों का अनुसरण करता है। उसका जीवन सार्थक हो जाता है।

# शर्मा परिवार ने शिविर लगाकर कांवड़ियों को वितरण किया प्रसाद, दवाई व पानी



**नूरपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्त अपनी कावड़ में जल भरकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। कांवड़ियों के आवागमन से नगर में बम बम भोले की गूंज व शिव भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। नगर में मंडी समिति के पास सौरभ शर्मा परिवार की ओर से कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें चाय, पकौड़ी, जल, दवाई व प्रसाद वितरण किया जा रहा है। शिव भक्त प्रसाद ग्रहण कर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। समाजसेवी सौरभ शर्मा ने बताया कि शर्मा परिवार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर कावड ला रहे कांवड़ियों की सेवा में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि शर्मा परिवार हर वर्ष शिव भक्तों की सेवा करता है शिव भक्तों की सेवा करने से भगवान से प्रसन्न होते है। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह, ममता चौधरी, अरविंद चौधरी, बच्चन चौधरी, आशु चौधरी, खुशबू चौधरी, दया शर्मा, अर्जुन शर्मा, अरविंद शर्मा, ममता शर्मा, मुकेश शर्मा, रितिका शर्मा, सौरभ शर्मा, कामिनी शर्मा, गौरव शर्मा, नेहा शर्मा, शिखा शर्मा, संजय शर्मा, शारदा शर्मा वरुण शर्मा, देवांश शर्मा, शिखर शर्मा, वंश शर्मा, अविका शर्मा, वंशिका शर्मा, वर्णिका शर्मा, गुंजन शर्मा, शौर्य शर्मा मोनू, राहुल, मनोहर लाल, उमेश कुमार आदि श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा में लगे हुए हैं।

# एसडीएम और सीओ ने कावड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया



**बुलंदशहर।** थाना नरसेना क्षेत्र के गांव खंदोई में कावड़ मार्ग पर एसडीएम और सीओ ब थानाप्रभारी नरसेना ने शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और कावड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया थाना क्षेत्र से अहार के अंबकेश्वर महादेव मंदिर के लिए गुजर रहे कावड़ियों का गांव खंदोई के जनता इंटर कॉलेज के सामने और थाना आहार की सीमा पर एसडीएम गजेंद्र सिंह और सीओ दिलीप सिंह ने नरसेना थाना प्रभारी चंदगी राम के साथ शिवालय की और बढ़ रहे शिव भक्तों का फूल देकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने कावड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के किए गए पुख्ता इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के साथ-साथ एसडीएम ने कावड़ मार्ग पर लगने वाले भंडारों में जाकर सेवादारों से वार्ता की और किसी तरह की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने के लिए निर्देशित किया।

# सभी जाति व धर्म के 10 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उ.प्र. सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग एवं नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के प्रयासो से सभी जाति व धर्म के 10 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। योजना के अंतर्गत मानसरोवर कल्याण मण्डप, बिजनौर क्रासिंग के निकट, लखनऊ में विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना में निर्धारित निदेशो का अनुपालन करते हुए प्राप्त आवेदनों की जाँच कर विवाह योग्य जोड़ो को चयन किया गया था। योजना में अनुसूचित जाति के 09, पिछड़ी जाति के 01 जोड़े सहित कुल 10 युगलो का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़े विवाह हेतु अपने परिवारीजनो के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मा. विधायक (सरोजनी नगर) राजेश्वर सिंह के द्वारा नवविवाहित जोड़ो को बिछिया-पायल की भेंट सहित प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया गया तथा उनके सुखमय व उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इसके अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। आयोजन में नगर निगम के समस्त सम्बन्धित कर अधीक्षक व राजस्व निरीक्षक व लिपिक सहयोग हेतु उपस्थित रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में योजना के निदेशो के अनुरूप विवाहितों को उपहार तथा समस्त अतिथियों को भोजन कराकर कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

# पांच किसानों की 25 बीघा गन्ने की फसल जलकर खाक

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी पांच किसानों की गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई, पीड़ित किसानों ने पड़ोसी किसान पर लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी किसान श्यामलाल पुत्र राम सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत दो दिन पूर्व उसके पड़ोसी किसान राजेश पुत्र मनचंद निवासी ककरीपुर थाना रमाला ने अपने खेत पर आम के पेड़ में आग लगा दी थी और आग लगाकर अपने घर चला गया था। तेज हवा चल जाने के कारण उसके भाई श्याम सिंह पड़ोसी किसान बिजेंद्र, बाबूराम एवं दूसरे बिजेंद्र के खेत पर खड़ी गन्ने की फसल में आग लग गई। गन्ने के खेत में आग लग जाने के कारण किसानों की लगभग 25 बीघा फसल जलकर खाक हो गई। गन्ने की फसल जल जाने के कारण पीड़ित किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित किसान ने आरोपी किसान के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की गुहार लगाई है।

# टीकाकरण कराने में जिला पंचायत के सदस्य करेंगे सहयोग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान तथा सहयोगी संस्था एडरा इंडिया के सहयोग से मंगलवार को विकास भवन के सभागार में जिला पंचायत सदस्यों के लिए नियमित टीकाकरण विषय पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई, इस अवसर पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि शून्य से पांच साल तक की आयु के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने और उनकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम चलाया जा रहा हैं।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने कहा कि बच्चों के टीकाकरण के लिए शुरूआत के दो साल सबसे ज्यादा जरूरी होते है और जिन बच्चों में जन्म से लेकर दो साल तक की आयु के बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, जिसकी वजह से वह वायरस या बैक्टीरिया के सम्पर्क में जल्दी आते हैं और बीमार पड़ते हैं। उन बच्चों का टीकाकरण करवाना इसलिए जरूरी होता है कि छोटे बच्चों के शरीर में बीमारियों से लड़ने की ताकत कम होती है। टीके नहीं लग पाने की दशा में बीमारी होने का खतरा अधिक बना रहता है। कुछ बीमारियां उन्हें दिव्यांग या मानसिक रूप से कमजोर भी बना सकती हैं, और कुछ मामलों में उनकी जान भी जा सकती है। बीमार पड़ने पर बच्चा तो परेशान होता ही है, उसके मां-बाप को भी बच्चे के इलाज के लिए बाकी सब काम छोड़कर अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसमें ना सिर्फ धन और समय की बबार्दी होती है बल्कि अनावश्यक मानसिक तनाव और शारीरिक कष्ट भी उठाना पड़ता है। बच्चों का टीकाकरण करा कर इन तमाम परेशानियों से आसानी से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल डॉ. अजमेर सिंह ने बताया कि बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए हर किसी को जागरूक होने की जरूरत है जिससे कि उनके अंदर बीमारियों से लड़ने की ताकत (इम्यूनिटी) पैदा हो सके और उनका समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। डब्लू एचओ के एसएमओ डॉ. पीवी कौशिक ने कहा कि बच्चों को सुपोषित बनाने में भी टीकों की बड़ी भूमिका है क्योंकि टीके से वंचित बच्चा यदि लम्बे समय तक दस्त (डायरिया) का शिकार हो गया तो उसका समुचित विकास बाधित हो जाएगा।

# आरजीएनपी डिग्री कॉलेज ताजपुर में योग दिवस मनाया

वेलकम इंडिया




ताजपुर। आर.जी.एन.पी.डिग्री कॉलेज राजा का ताजपुर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन को योग दिवस के रूप में मनाया गया।

योगाचार्य प्रकाश चन्द ने सभी विद्यार्थियों को शीर्ष आसन, मंडूकासन, गोमुख आसन, तितली आसन आदि आसनों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने हर एक आसन के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। योग प्रशिक्षण के साथ-साथ मेधावी, चिंतनशील परीक्षार्थियों को पारितोषिक के रूप में दैनिक वृत्त की पुस्तिका व लेखनी एवं प्रकाश उत्कर्ष डायोड भेट किया। प्राचार्या डॉ निर्देश चौहान ने शिविर में स्वयं को सवेरे उठकर योग क्रियाए अपने जीवन में अपने के लिए प्रेरणा दी। इस मौके पर कॉलेज का स्टाफ मौजूदा रहा।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना चंदपा का औचक निरीक्षण, संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

वेलकम इंडिया




**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा थाना चंदपा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह एवं थाने के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें। महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, मैस, थाना परिसर आदि का भ्रमण किया गया तथा सम्बन्धित को समुचित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय मे अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी गई तथा उनके द्वारा थाने के आगन्तुक रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर व अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन किया गया तथा रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

प्रभारी निरीक्षक चंदपा व मौजूद कर्मियों को अभिलेखों के रखरखाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा बताया गया कि थाने पर लम्बित विवेचनाओं का विधिक निस्तारण कराये एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें तथा क्षेत्र में अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करें, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की नियमित रूप से चेकिंग करें, सक्रिय/टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करें पुलिस अधीक्षक द्वारा चंदपा क्षेत्र मे सतर्क दृष्टि रखने हेतु एवं भीड़-भाड़, मार्केट वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों-वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चैकिंग करने हेतु तथा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक हो वहां महिला पुलिस कर्मियों व एन्टी रोमियो टीम की निरंतर पेट्रोलिंग लगाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक चंदपा को दिए गए।

# किसान ने लगाया दबंग पर तमंचा दिखाकर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** नगर के मोहल्ला गुजरान निवासी एक किसान ने खेत से वापस अपने घर लौटते समय बीच रास्ते में एक व्यक्ति पर तमंचा दिखाकर पीड़ित के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस जांच में जुटी है। नगर के मोहल्ला गुजरान निवासी मनीष ने बताया कि पीड़ित के खेत सलेमपुर मार्ग पर स्थित है। पीड़ित अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था आरोप है कि खेत का कार्य समाप्त कर वह वापस अपने घर आ रहा था तो ईदगाह के समीप थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल निवासी सुधीर जाट ने पीड़ित को रोक लिया और तमंचा दिखाकर पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित किसान को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकील न्यायिक कार्य से रहे विरत

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ तहसील के वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें वकीलों द्वारा अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए बिल को वापस लिए जाने और सरकार से उन्हें अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की मांग की गई है।

टाण्डा तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को वकीलों ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम कुमार गौरव को सौंपा।वकीलों ने कहा कि सरकार इस बिल के माध्यम से वकीलों के अधिकारों का हनन कर रही है। वकीलों ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 सरासर अधिवक्ताओं के हितों के खिलाफ है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसे तुरंत वापस लिया जाए।वकीलों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से दस लाख रुपये के मेडिक्लेम और सामूहिक बीमा की भी मांग की।

इस अवसर पर अध्यक्ष कुंवर संजय सिंह, मंत्री मुबश्शर अली, अनिल भारद्वाज, प्रताप सिंह चौहान, श्योराज सिंह, अब्दुल माजिद सैफी, गौरव, मोहम्मद फारूक अशोक चौहान, दिनेश कुमार, वेदप्रकाश सैनी, समर सिंह, अफजाल अहमद, जय प्रकाश सैनी, तेजवीर सिंह, प्रथी सैनी, सोमवीर सिंह, केपी सिंह, विजयपाल, रघुवीर सिंह और भागीरथ सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीगः दतिया और बांदा की जीत



वेलकम इंडिया

**झांसी।** चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीग के तहत आज दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में दतिया और सागर जनपद की टीमों के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें दतिया ने 58 अंक अर्जित कर सागर को पराजित किया। दूसरे मैच में झांसी और बांदा की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें बांदा ने 43 अंक बनाकर जीत हासिल की।

इस टूनार्मेंट का शुभारंभ बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु सहाय ने किया। उनके साथ बुंदेलखंड क्रांति दल के मो. आरिफ कमाल भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से मुख्य रूप से चेयरमैन कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह, प्रिंसिपल शैलजा सिंह, वॉयस प्रिंसिपल सैंड्रा सैमुअल, कीर्ति पटेरिया, वंदना कुशवाहा, करुणा यादव, ज्ञान दुबे, अंजली पटेरिया और शाहरुख खान ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संभाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमार विश्वकर्मा, जितेंद्र नामदेव, चित्रा प्रजापति, शरद मिश्रा, शीतल वर्मा, छाया शुक्ला, जाह्नवी साहू और निशा रावत उपस्थित रहे।

# एसपी ने कांवड़ियों के शिविरों का जायजा लिया

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व, कांवड यात्रा के दृष्टिगत कांवडियों के मुख्य आवागमन हाथरस-मथुरा मार्ग का भ्रमण, निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण/निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड यात्रा के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारीगणों को निरंतर भ्रमणशील रहते हुए सतर्कता से ड्यूटी करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देशित किया, जिससे कांवड लेकर जा रहे कांवडियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड यात्रियों को सामूहिक रूप से जत्थों में अपने-अपने क्षेत्र से पुलिस पार्टी के साथ उनके गंतव्य को रवाना करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा महाशिवरात्रि पर्व-कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों-चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ भ्रमण करने तथा जगह-जगह बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघनता से चेकिंग करने के संबंध में निर्देशित किया गया है। महाशिवरात्रि पर्व-कांवड यात्रा के दृष्टिगत कांवड़ियों के ठहरने एवं जलपान कराये जाने हेतु जनपद हाथरस में जिला प्रशासन-जनसामान्य द्वारा जगह-जगह शिविर बनाये गये है। उक्त सभी शिविरों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पानी, स्वअल्पाहार, प्राथमिक चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड़ यात्रियों के ठहरने एवं जलपान कराये जाने हेतु थाना मुरसान क्षेत्रान्तर्गत एवं थाना चंदपा क्षेत्रान्तर्गत बने शिविर का निरीक्षण कर यथा स्थिति का जायजा लिया तथा शिविर में प्रकाश, पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# एसएसबी 43वीं के जवानों ने स्कूली बच्चों को कराया योगाभ्यास

**वेलकम इंडिया**

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के सीमा चौकी ककरहवा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय इंटरकॉलेज ककरहवा के छात्र-छात्रों को योगाभ्यास कराया गया क सीमा चौकी ककरहवा के प्रभारी निरीक्षक राम प्रताप सिंह के द्वारा स्कूली बच्चों को योग के महत्व के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए बताया कि योग हम सभी के लिए अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक क्रिया है। योगाभ्यास से हम अपने शारीर को स्वस्थ रखते हुए अपने जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव ला सकते है क योग वह क्रिया है,

जिसके अन्तर्गत शरीर के विभिन्न भागों को एक साथ लाकर शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को सन्तुलित करने का कार्य किया जा सकता है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर के अंगों की प्रक्रियाओं को भी नियमित कर सकते है और भविष्य में होने वाली गंभीर विमरियो से बचाव किया जा सकता है क इसी उदेश्य से राजकीय इंटर कॉलेज ककरहवा के स्कूली छात्रों को जागरूक करते हुए वाहिनी के योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया क साथ ही छात्र-छात्राओं को केंद्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने हेतु जागरूक किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में एस.एस.बी कार्मिकों के साथ साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव व अन्य शिक्षकगण तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# अनीता सिंह बनी भारतीय बौद्ध संघ की महिला जिला अध्यक्ष बनाया गया



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** भारतीय बौद्ध की बैठक राकेश जयसवाल राष्ट्रीय महामंत्री के निर्देशन में संगठन मंत्री सुभाष पुरवार की अध्यक्षता में आर आर नेत्र परीक्षण केंद्र शिवपुरी रोड झांसी में संपन्न हुई जिसमें नव नियुक्त अध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय बौद्ध संघ अनीता सिहं जी की घोषणा डॉ आदित्य साहू महामंत्री भारतीय बौद्ध संघ द्वारा की गई तथा नाव नियुक्त अध्यक्ष अनीता सिंह द्वारा महिला अधिकारो,महिला सुरक्षा सविधान रक्षा की शपथ दिलाई गई राष्ट्रीय महामंत्री राकेश जयसवाल ने महिला पदाधिकारी सदस्यों अपनी बहन मानते हुए रक्षा सूत्र बधवाया एवं रक्षाबंधन का पर्व बड़े धूमधाम से मनाने की घोषणा की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर भंते डॉ राहुलसंघ प्रिया केन्द्र मंत्री दर्जा प्राप्त के संदेश को जिसमे भगवान गौतम बुद्ध तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्श वचनों ऐवं संविधान की गरिमा को बनाए रखना आदि पर वक्ताओं ने अपने विचार रखें, जिसने श्रीमती सुधा पाठक ,नीलिमा सिंह ,अंजना गुप्ता ,अंजू साहू ,श्रीमति नीतू साहू, रिंकी रैकवार ,विनीता गुप्ता सुभाष परिवार आदि अन्य सदस्य तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे नीतू साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया डॉक्टर आदित्य साहू ,महामंत्री भारतीय बौद्ध संघ द्वारा संचालन किया गया।

## बाट माप अधिकारियों ने कांटे की जांच को लेकर दुकानों पर की छापेमारी

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** बाट माप विभाग के अधिकारियों ने शोहरतगढ़ कस्बे के व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल सहित कई व्यापारियों की दुकानों पर छापेमारी किया गया। कई जगह हुई छापेमारी के दौरान हड़कम्प मच गया। इससे व्यापारी काफी परेशान रहें। अधिकारियों ने कांटे में मोहर लगने की जांच की।

विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक दिलीप सिंह व निरीक्षक आनन्द प्रकाश सिंह ने सोमवार को शोहरतगढ़ कस्बे में पहुंचने पर सबसे पहले नीबी दोहनी क्षेत्र में लगे कई मुर्गा की दुकानों पर कांटे की जांच की। जांच-पड़ताल होता देख अगल - बगल के मीट व्यवसायी दुकान छोड़कर भाग गयें। इसके बाद बांट माप विभाग टीम पुलिस पीकेट के



पास व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल के बर्तन की दुकान पर पहुंची। दुकान पर रखे कांटे को चेक किया। चेक करने के दौरान मुहर लगा मिला। इसके बाद टीम भारत माता चौक के पास लगी दुकानों व पुलिस पीकेट के समीप फल की दुकानों पर पहुंचकर कांटा चेक करते हुए सभी को हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि बिना मुहर लगे तौल न करें। पकड़े जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम ने आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अफसरों को दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को सुना। जिसके बाद जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का ससमय और गंभीरता से निस्तारण किया जाए।

समस्या का निस्तारण न करने वाले अधिकारी या कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान आवास, पेंशन, भूमि विवाद, राशन कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना। जिसके बाद डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंभीर मामलों को शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनसुनवाई में आए कई फरियादियों की समस्याओं को मौके पर ही हल कर दिया गया। जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर तय समय सीमा के भीतर समाधान कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ई रिक्शाओं के सम्भागीय प्रवर्तन अधिकारी व यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से किए चालान



**वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह**

**(हापुड़)** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा लखनऊ में आयोजित मीटिंग में परिवहन आयुक्त द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन हो रहे इजाफे पर रोक लगाने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें सर्वप्रथम है नो हेलमेट नो फ्यूल, सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध जैसे कई नियम लागू किए हैं। लेकिन पेट्रोल पंप स्वामी नो हेलमेट नो फ्यूल को खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। इन सभी तथ्यों के मद्देनजर हापुड़ यातायात पुलिस सम्भागीय परिवहन विभाग हापुड़ के द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान शुरू कर दिया गया है। जिसको लेकर शहर में ई रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। और इधर-उधर भागते नजर आए। लेकिन यातायात पुलिस ने तत्वरित कार्यवाही करते हुए 45 ई-रिक्शा चालकों के चालान किए गए हैं। जिसमें से 21 ई-रिक्शाओं को विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए पुलिस लाइन में निरूद्ध किया गया है।

# ट्रक ड्राइवर हत्या के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** एडीजे-प्रथम कोर्ट ने एक ट्रक ड्राइवर की हत्या के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात में मृतक सुल्तान एक ट्रक ड्राइवर था। वहीं इस केस का मुख्य आरोपी वारिस चांद खान उसी ट्रक का क्लीनर (हेल्पर) था। सुल्तान के वारिस चांद की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। इसी कारण वारिस चांद ने अपने दो साथियों दानिश उर्फ टाइगर और आमिर के साथ मिलकर सुल्तान की हत्या की। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में 9 गवाह पेश किए। सभी सबूतों और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने 24 फरवरी 2025 को फैसला सुनाया और तीनों आरोपियों को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। धारा 201 में प्रत्येक को 5-5 साल की कैद और 2-2 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। अर्थदंड न चुकाने पर 6-6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत की गई। इस मामले में एसपी सिटी मानुष पारीक और एडीजीसी रीतराम राजपूत समेत पुलिस और अभियोजन विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## जी एम हॉस्पिटल द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर कावड़ियों के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** महाशिवरात्रि पर कावड़ियों के लिए जी एम हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया ह्ल जी एम हॉस्पिटल द्वारा कस्बा गोवर्धन में विंदा वाले रोड पर शिविर लगाकर कावड़ियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया गया ह्ल शिविर का शुभारंभ गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, जितेंद्र पुरोहित सेवायत दानघाटी मन्दिर , खंड प्रचारक श्भोज प्रताप, खंड संघचालक गोवर्धन नगर , कॉलेज डायरेक्टर श्री बी.बी. शर्मा जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ह्ल इसके बाद डॉ तेजेंद्र शर्मा की अगुवाई में नर्सिंग स्टाफ द्वारा कावड़ियों की स्वास्थ्य समस्या सुनकर उनको निशुल्क दवाई वितरित की कावड़ियों के पैदल चलने पर उनके पैरों में दर्द व छालों की समस्या अधिक थी छालों की मरहम पट्टी चिकित्सक टीम द्वारा की गयी। जिसमे जी एन एम व ए एन एम के छात्र / छात्राओं एवं कॉलेज प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डा. तेजेंद्र शर्मा, मिस कोमल गोस्वामी, कन्हैया सैनी, विशाल सिंघल, राहुल सिनसिनवार, नेहा, विकाश यादव, राम कुमार सैनी, गुरुदेव, बलदेव सैनी, मनोज समाधियां, आदि स्टाफ मौजूद रहा।



## ग्रामीणों ने लेखपाल के पति पर रुपया मागंने का लगाया आरोप

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जिले के तहसील शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी टोला महली के ग्रामीणों ने लेखपाल संध्या पाण्डेय पर काम करने के लिए पैसे लेने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत की लेखपाल संध्या पाण्डेय के तथाकथित पति ऋषभ सिंह द्वारा अपनी पत्नी का कार्यभार देखते है। वहीं ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि तथाकथित पति ऋषभ सिंह ग्रामीणों द्वारा किसी भी कार्य के बदले में पैसे की मांग करते हैं और पैसे ने देने पर काम नही करने की धमकी भी देते हैं। जिससे सभी ग्रामवासी बहुत ही परेशान है। बिना पैसे दिये काम न होने पर काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि तहसील शोहरतगढ़ में तैनात लेखपाल संध्या पाण्डेय ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी में लेखपाल है। लेखपाल संध्या पाण्डेय के तथाकथित पति ऋषभ सिंह द्वारा सरकार की मंशा के अनुसार आवास सर्वेक्षण के कार्य ग्राम सभा में जारी हेतु एक शुल्क निर्धारित किया है। ग्रामीणों के अनुसार लेखपाल के तथाकथित पति ऋषभ सिंह ने आवास सर्वेक्षण के लिए लाभार्थियों से पांच हजार रुपये की मांग की जा रही है, जिससे आवास मिल सकें। जो पैसा देगा उसी का नाम आवास हेतु जायेगा।

लेखपाल संध्या पाण्डेय व उनके तथाकथित पति द्वारा ग्रामीणों से धन उगाही का खेल किया जा रहा है। हकीकत में ऋषभ सिंह लेखपाल संध्या पाण्डेय के पति है या नहीं, ये तो लेखपाल संध्या पाण्डेय ही जानें।

## अपाचे बाइक सवार बदमाशो ने मोबाइल छीना

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के कछवां–कपसेठी मार्ग पर स्थानीय चौराहे के निकट मंगलवार की दोपहर अपाचे बाइक सवार दो बदमाशो ने साइकिल से मोबाइल पर बात करते हुए कछवांरोड चौराहे से घर जा रहे छतेरी गांव निवासी जगदीश बिन्द का ऐंड्रॉयड मोबाइल छीनकर चौराहे की तरफ भाग निकले ।साइकिल सवार युवक के आवाज देने पर जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते बाइक सवार बदमाश भाग निकले ।भुक्तभोगी जगदीश बिन्द ने मोबाइल छिनैती की सुचना स्थानीय चौकी पर दिया ।भुक्तभोगी का आरोप है कि कछवांरोड चौकी प्रभारी मिजार्मुराद थाने ले जाकर मोबाइल छिनैती के जगह मोबाइल जेब से गिर जाने की तहरीर लिखवाकर तहरीर लिया ।भुक्तभोगी ने बताया कि छिनैती हुई मोबाइल की कीमत लगभग 16 हजार है।

## बाइक सवारों ने महिला का मंगलसूत्र छीना

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के राने चट्टी (मिजार्मुराद) पिलर नंबर 1 के पास मंगलवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह महिला से मंगलसूत्र गले से छीनकर भाग निकले। लिया। महिला एक शादी समारोह से लौट रही थी और उसके साथ बच्चे भी थे। महिला उन्हें पकड़ने के लिए चीख चिल्लाती और बिलखती रही। खरगरामपुर (मिजार्मुराद) निवासिनी पूनम अपनी मां और बच्चों के साथ वाराणसी चौकाघाट में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रही थीं। मंगलवार दोपहर राने चट्टी तक बस से आने के बाद वे पैदल घर जा रही थीं। जब वे श्याम माता मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–19 पर पहुंचीं, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर लिया और फरार हो गए।

# डी एम को अधिवक्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर अधिवक्ता बिल संशोधन 2025 के विरोध में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़/** हापुड़ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अधिवक्ता बिल संशोधन को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा को सौंपा ।आपको बता दें कि हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कंसल और सचिव वीरेंद्र सैनी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता जिला मुख्यालय पहुंचे। और अधिवक्ता बिल संशोधन 2025 का पुरजोर विरोध करते हुए नारेबाजी की गई ।और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को सौपा गया। क्या अपन में कहां गया है कि केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का नया ड्राफ्ट बनाया जा रहा है। और उक्त बिल पास कर कानून में तब्दीली कर दिया जाएगा ।प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 में धारा 4/ 9/24 ए /24 वी/ 26 ए/ 35 ए/36/49ए(1)के /प्रस्तावित संशोधन के अतिरिक्त भी कई ऐसे प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं। जो कि अधिवक्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहे हैं। जो कि अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति तत्व की स्वतंत्रता का हनन करता है। जिसके विरोध में जिला मुख्यालय पर पहुंचे। सैकड़ो अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपा है।



# भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय एवं राज्य बजट पर एक संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय एवं राज्य बजट पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया ने केंद्र व प्रदेश द्वारा जारी बजट को हर वर्ग के लिए लाभकारी बजट बताया। इससे पूर्व सतेंद्र शिशोदिया का भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने तथा संचालन अमित तिसावड ने की। जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, जिला सहकारी बैंक समिति चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर राघव और दिनेश सिंघल, निवाडी चेयरमैन अनिल त्यागी, स्वदेश जैन, मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा ने अपने संबोधन में बजट की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि सतेंद्र शिशोदिया ने कहा कि बजट में भाजपा ने दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसमें, छात्र, किसान, व्यापारी, मजदूर सभी के हितों का ध्यान रखा गया है। बजट का उद्देश्य आम जनमानस के हितों का ध्यान रखना है। देश के 75 लाख किसानों को हाल ही में सम्मान निधि की 19 वी किस्त जारी की गई है। बजट से पीएम आवास, एमएसएमई को कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराना है। यूपी बजट में गंगा एक्सप्रेस वे को इलाहाबाद से मेरठ के बजाय अब हरिद्वार तक बढ़ाया गया है जो दोनों प्रदेशों को जोड़ने का काम करेगा। वृद्धावस्था विधवा पेंशन, युवा कल्याण योजना में युवाओं के हितों का ख़्याल रखा गया है। संचालन अमित कराटे ने किया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा कि बजट आमजनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। आम आदमियों को इससे लाभ मिलेगा तथा इसका दूरगामी परिणाम भी सामने आयेगा। आम आदमियों की जरूरत को ध्यान में रखकर ही बजट तैयार किया गया है। भाजपा की करनी कथनी में कोई अंतर नहीं है।

उन्होंने महाकुम्भ को ऐतिहासिक बताया जिसमें 60 करोड़ श्रद्धालुजन त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उक्त बातें दुल्हन बैंक्वेट हाल में बजट पर चर्चा पर पर कहीं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, सत्यवीर राघव, चेयरमैन विनोद वैशाली, मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, सतेन्द्र त्यागी, स्वदेश जैन,डा पवन सिंघल, जितेन्द्र चित्तौड़ा, नीरज त्यागी, रोहित अग्रवाल,नरेश अमराला, अनिला आर्य व अरुण खन्ना,नवीन जायसवाल, डॉ रीता बक्शी, अमित कराटे, आदि मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में चेन स्नेचर घायल

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन जोन के थाना साहिबाबाद पुलिस टीम ने एक स्नैचर को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा है गोली लगने से वो घायल हुआ है। उसके कब्जे से एक तमंचा-कारतूस के अलावा लूटी गई मोटरसाइकिल व स्नेचिंग की गई चैन को बेचकर कमाई नगदी मिली है। बदमाश का दिल्ली निवासी साथी भागने में सफल हो गया। थाना साहिबाबाद पुलिस टीम अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम गठित रेलवे स्टेशन कट के पास चेकिंग कर रही थी। तभी कुछ देर बाद एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार रेलवे अंडर पास की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस पार्टी ने रोकने का इशारा किया। वह रुका नहीं, बल्कि रेलवे स्टेशन की तरफ मुड़कर तेजी से जाने लगा। कुछ दूर आगे चलकर जल्दबाजी में वह बाइक ओवर ब्रिज के पास गिर गई। बाइक सवार अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगा। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही में बदमाश के बाए पैर में गोली मार दी, जिससे वो घायल हो गया।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा जी के संरक्षण में छात्राओं हेतु एम. एस. एम. इ. टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर के द्वारा उद्यमिता जागरूकता विषय पर एक साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजिकाअसिस्टैंट प्रोफेसर डॉ.सारिका गर्ग के निर्देशन में कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता, वाई. के. शर्मा, प्रो. पूनम शर्मा, , डॉ. सारिका गर्ग, एवं पी. एन. बी. बैंक मोदीनगर के चीफ मेनेजर मनी भूषण झा ने छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स व संघर्ष प्रबंधन के बारे में गूढ़ जानकारी प्रदान करते हुऐ भारतीय सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी! इस कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। कार्यशाला में प्रो. पूनम शर्मा ने छात्राओं को टीम वर्क के विषय में जानकारी दी। साथ ही सारिका गर्ग ने टीमवर्क की प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि टीम वर्क में सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यक्तियों के एक समूह के साथ मिलकर काम किया जाता है। इसमें प्रभावी संचार, आपसी सम्मान और प्रत्येक टीम के सदस्य की अनूठी शक्तियों का लाभ उठता है। टीमवर्क न केवल उद्देश्यों को प्राप्त करता है बल्कि मजबूत संबंध और विश्वास भी बनाता है। कार्यशाला को सफल बनाने में आईक्यू एसी कॉर्डिनेटर डॉ नूतन सिंह ,संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आकांक्षा सारस्वत, होम साइंस विभागाध्यक्ष ऐश्वर्य बहुगुणा एवं संस्कृति विभागाध्यक्ष मंजू कन्नोजिया एवं फरा खान का विशेष योगदान रहा।

## बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्पों से किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा आरंभ हुई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर अंशु सिंह एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक / शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्पों से स्वागत किया ।विद्यालय द्वारा इस अवसर पर विद्यालय की प्रवेश द्वार को बड़े ही आकर्षक रूप से सज्जित कराया गया था । इस शानदार स्वागत से सभी विद्यार्थी बड़े ही प्रफुल्लित एवं हर्षित दिखाई पड़े। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्र पर अन्य अपने बच्चों को छोड़ने आए अभिभावक भी अत्यंत प्रभावित हुए प्रसन्न हुए। उन्होंने प्रधानाचार्य महोदया द्वारा की गई इस सुंदर व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की ।विद्यार्थियों ने सभी शिक्षक एवं शिक्षाओं के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस भव्य स्वागत से दोनों पालियों में परीक्षा देने आए छात्र गदगद दिखे । उन्होंने बताया कि इस स्वागत के उपरांत वह वे पूर्णता तनाव मुक्त महसूस कर रहे हैं उन्होंने अपना पहला पेपर बहुत अच्छा जाने की आशा व्यक्त की।

# राष्ट्रीय स्तरीय खादी प्रदर्शनी में भव्य फैशन शो

वेलकम इंडिया




**प्रयागराज** - खादी व ग्रामोद्योग आयोजन मण्डलीय स्तरीय कार्यालय वाराणसी के द्वारा खादी उत्सव राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी महाकुम्भ परेड ग्राउंड एमजी मार्ग सेक्टर नंबर 1 प्रयागराज में आयोजित की गई है,दिनांक 16 फरवरी को प्रदर्शनी के प्रांगण में खादी लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए भव्य खादी फैशन शो का आयोजन किया गया है इस फैशन शो की अध्यक्षता श्री राजीव नारायण मिश्र डीआईजी ने किया इसके साथ ही खादी व ग्रामोद्योग आयोग के निर्देशक डॉक्टर नितेश धवन , के पी मिश्र सहनिर्देशक, मंजुल दीक्षित प्रभार मार्केटिंग तथा प्रदर्शनी व्यवस्था नियुक्त श्याम बहादुर यादव उपस्थित रहे, स्थानीय संस्था मंत्री श्री दिनेश चंद्र के साथ खादी फेडरेशन सचिव जेपी श्रीवास्तव उपस्थित रहे, आज के खादी फैशन में विभिन्न प्रांतो के संस्थानों द्वारा इस प्रदर्शनी में लगाई गई है अपने उत्पादों को प्रदर्शित विभिन्न मंडलों द्वारा अपने आकर्षक स्वरूप में किया गया है, इस क्रमशः नागालैंड, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर ,दिल्ली ,मध्य प्रदेश राजस्थान ,कर्नाटक ,तमिलनाडु महाराष्ट्र के प्रधानों का इस्तेमाल किया गया है खादी फैशन शो को देखने वाले प्रयागवासी ने खादी वेस्टन के आकर्षण प्रिंटिंग डाइंग व निफ्ट के द्वारा किए गए डिजाइनों को पूरी पूरी प्रशांत करते देखे गए हैं खादी के भाव फैशन शो में देश के विभिन्न मॉडल क्रमशः सिमरन कुशवाहा, मनीष श्रीवास्तव, अवनीश सिंह, मंतसा जावेद अन्वेषिका, दीपशिखा, कृति प्रज्ञा, सिमरन पांडे, श्वेता पांडे, श्वेता जायसवाल, सोनम ,महेश्वर सिमरन वैस्य, हिमांशु त्रिपाठी, मेकअप वर्षा एवं स्मृति सिंह, राजश्री, कीर्ति चौरसिया ने सहयोग दिया ,डिजाइनर अनन्या गुप्ता कोरियोग्राफी आकांक्षा वर्मा और निर्देशक अरविंद यादव द्वारा किया गया।

## अयोध्या नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, छत्रिय बोर्डिंग हाउस की संपत्ति कुर्क



अयोध्या वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** नगर निगम प्रशासन द्वारा बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए छत्रिय बोर्डिंग हाउस पर कुर्की की कार्रवाई की गई। सहायक नगर आयुक्त, जोन कैंट/कौशलपुरी के नेतृत्व में कर विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रवर्तन दल की टीम ने यह कार्रवाई की।

नगर निगम के अनुसार, बकाया कर जमा न करने पर पहले ही नोटिस जारी किया गया था, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद यह कठोर कदम उठाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अधिकारी और प्रवर्तन दल की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जो भी करदाता समय पर भुगतान नहीं करेगा, उसके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## सीएचसी मिल्कीपुर में आयोजित हुआ टीबी/एचआईवी जांच शिविर

अयोध्या वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मिल्कीपुर समुदायिक स्वास्थ केंद्र पर सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा तक कार्यक्रम के तहत जनरल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में एचआईवी व क्षय रोग की प्रमुखता से जांच की जा रही है। 100 दिनों का यह कार्यक्रम 7 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ है जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा ।शिविर में दोपहर दो बजे तक 140 लोगो की स्क्रीनिंग की गई जिसमे कोई भी टीबी व एचआईवी संक्रमित नही पाया गया। शिविर में डॉक्टर संदीप शुक्ल जिला क्षय रोग अधिकारी अयोध्या ने आये हुए लोगो को क्षयरोग व एचआईवी जैसी बीमारियों के लक्षण व उनसे बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।साथ ही उन्हें अपने भोजन में किन पौष्टिक चीजो को शामिल करना चाहिए उसकी भी जानकारी दी ।कहा कि इन रोगों की समय रहते जानकारी मिलने पर सही इलाज से टी बी रोग को ठीक किया जा सकता है ।टीबी एक समय मे लाइलाज बीमारी हुआ करती थी। परंतु अब इसका इलाज संभव हुआ है ।2025 में भारत को टीबी मुक्त देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम में टीबी व क्षय रोगी के मरीजो में राजकुमारी, आलोक कुमार, सरजू प्रसाद, श्यामा,खुशबू ,साधना, चांदनी, आरती, हरिशंकर, निशा, रिहाना ,श्री राम ,दीनानाथ व रामपाल आदि को पौष्टिक किट प्रदान किया गया। जिसमें गुड़,मूंगफली दाना,भुना चना,और प्रोटीन पाउडर शामिल है ।कार्यक्रम का आयोजन अवधेश शर्मा, अनिलकुमार द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधिक्षक पंकज श्री वास्तव,डाक्टर रशमी श्रीवास्तव, डॉक्टर आशुतोष एसीएटीओ , टीबी/एचआईवी के कोऑर्डिनेटर रमनीश मिश्रा ,दिशा टीम के सौरभ शुक्ला,काउंसलर संदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन अतुल सिंह व नरसिंह शामिल रहे।

## श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में गत दिवस को फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के तहत सुबह खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा शिव चौक गोविंदपुरी से शुरू होकर मुख्य मार्ग जी टी रोड होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर सी लाइन महेंद्रपुरी पर समाप्त हुई। निशान यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह जगह भव्य स्वागत किया। लगभग आठ बजे से बाबा श्याम का विशाल कीर्तन प्रसिद्ध भजन गायक द्वारा मंदिर परिसर में सुबह लगभग चार बजे तक रिझाया गया। बाबा के भजनों पर श्रद्धालु झुमने और नृत्य करने लगे। आरती के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व बाबा को कलकत्ता और बैंगलौर के आये कलाकारों द्वारा 551 किलो विभिन्न प्रकार के फूलों द्वारा सजाया गया। बाबा श्याम को 1111 किलो का छप्पन भोग लगाया गया। कार्यक्रम में श्याम भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में बाबा को भजनों के माध्यम से बाबा श्याम का राजस्थान की शान श्याम जगत के लाडले मुकेश बागड़ा जयपुर, अशोक लखेरा, सीताराम शर्मा, निशा शर्मा, सिद्धांत, ईशा शर्मा, आदि प्रसिद्ध भजन गायकों ने गुणगान किया। मंच संचालन भजन गायक गिरीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद राजकुमार सांगवान भाजपा नेता पं रामआसरे शर्मा रमेश गोयल, अरुण खन्ना, पंकज गोयल, राकेश अग्रवाल, अमित गोयल, अजय बंसल, देवेन्द्र सोनी, कपिल गुप्ता, प्रमोद गर्ग, गिरीश बंसल, राजीव रूहेला, संजय रूहेला, शुभांकर गुप्ता, राजीव जिंदल, सत्यम बंसल, बंटू शर्मा आदि रहे।

## मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डी जी आर पब्लिक स्कूल तथा चौ चरण सिंह इंटर कॉलेज पतला की एनसीसी इकाइयों के 286 कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक अनोखी पहल की है। एनसीसी के प्रत्येक कैडेट्स ने आज एक पेड़ लगाया और उसे ₹माँ के नाम₹ का नाम दिया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। एनसीसी के कैडेट्स ने इस पहल के लिए कड़ी मेहनत की है और वे इसे सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर एनसीसी बटालियन मोदीनगर के सीओ कर्नल पीयूष कुमार सिंह तथा लेफ्टिनेंट कर्नल आरपी दहिया की अगुआई में पतला क्षेत्र में डीजीआर की प्रधानाचार्या डॉ सोनल चौधरी तथा प्रबंधक श्री गुलबीर सिंह जी ने कैडेट्स के साथ मिलकर एक- एक पेड़ लगाया तथा प्रधानाचार्या डॉ सोनल चौधरी ने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि यह मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को भी बढ़ावा देगी। इस आयोजन में सूबेदार मेजर परमानंद, एन सी सी प्रथम ऑफिसर रितेश राय, थर्ड ऑफिसर गुड्डू गुप्ता जीसीआई सोनिया, हवलदार पवन तथा संजीत आदि ने सहयोग किया।

# अधिवक्ता संसोधन बिल को काला कानून बता अधिवक्ताओं ने की देश व्यापी हड़ताल

अयोध्या वेलकम इंडिया



सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन बिल द्वारा 2025 को स्वायत्त व स्वतंत्रता पर प्रतिबंध मानते हुए अधिवक्ताओं द्वारा मंगलवार को देशव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया गया ।जिसके समर्थन में मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश पाण्डेय के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 330 ए से होते हुए रजिस्ट्री कार्यालय तक प्रदर्शन किया। और सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। कहा कि सरकार धारा 4,धारा 9,धारा 35 ए,26 ए,धारा 49 ए व धारा 49 ए(1) संशोधन कर अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर नकेल कसने के लिए अधिवक्ता संसोधन बिल 2025 का मसौदा तैयार किया है ।संशोधित बिल द्वारा भारत सरकार हमारे राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर मौजूद स्वायतसाषी संस्था बार काउंसिल आफ इंडिया व बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश का लोकतांत्रिक अस्तित्व एक ही झटके में समाप्त कर देना चाह रही है। इस संसोधन के विरोध में मंगलवार को बार काउंसिल आफ इंडिया बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर देश भर में अधिवक्ता प्रदर्शन कर रहे हैं ।विरोध के समर्थन में तहसील मिल्कीपुर के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया इस दौरान तहसील परिषद मिल्कीपुर में न्यायिक कामकाज भी प्रभावित हुआ प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश पांडे उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र,मंत्री सूर्य नारायण द्विवेदी, अमित मिश्र, बृजेश पाण्डेय,लल्लू तिवारी,अमरजीत सिंह,दिनेश कांत यादव,सुरेश तिवारी प्रह्लाद तिवारी,सतीश तिवारी,आशीष पाठक,कालिका शिवशंकर यादव पूर्व मंत्री,खुशीराम पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ओवर वेट व घटतौली संबंधित कोई कार्य नहीं हो, ध्यान रखें शुगर मिल : दीपक मीणा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिलाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसानों के गन्ना भुगतान के सम्बंध में शुगर मिल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शुगर मिल के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे आने वाले पैराई सत्र यानि दीपावली से पूर्व ही गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाये जाने वाले गन्ने की ढुलाई शासन के निदेर्शानुसार एवं नियमानुसार ही कराये, यदि ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ना क्रय केन्द्र पर किसी भी कारण से घटतौली नहीं होनी चाहिए, ऐसा पाया जाने पर उनके खिलाफ कानून कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी प्रदीप कुमार एवं शुगर मील से प्रतिभाग करने वालों में मुख्य रूप से डीडी कौशिक जीएम (पीआर), सुरेश शर्मा डीजीएम, एएखान एजीएम, कुलदीप सिंह मैनेजर, विवेक कुमार, एलडी शर्मा, केपी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बीजेपी पार्षद ने डीएम को पत्र लिखकर इलाके में पीने के पानी की किल्लत दूर कराने की मांग की

**गाजियाबाद**। लोनी नगर पालिका परिषद के वार्ड-41 के बीजेपी पार्षद ने डीएम को पत्र लिखकर इलाके में पीने के पानी की किल्लत दूर कराने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि पानी की टंकी होने के बावजूद उनके इलाके में हर घर जल नहीं पहुंच रहा। जिसके चलते लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। दिल्ली से सटे लोनी नगर पालिका परिषद का एक वार्ड ऐसा है जहां पानी की टंकी तो है लेकिन हर घर नल से जल नहीं पहुंचता आलम यह की लोगों को पीने के पानी के लिए प्राइवेट जल विक्रेता से 20 की आज भी बोतल खरीदनी पड़ती है इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है यह हाल केंद्र और प्रदेश के साथ-साथ जिले के तमाम महत्वपूर्ण पदों पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के पार्षद अंकुश जैन के वार्ड का है पार्षद ने इस बाबत जिला अधिकारी को पत्र लिखकर व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। यह इलाका भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड विधायक नंदकिशोर गुर्जर के क्षेत्र से आता है। गौरतलब है कि वार्ड 41 गुलाब वाटिका इलाके में पानी की किल्लत अरसे से चली आ रही है। इस बाबत इलाके के लोगों समेत स्थानीय पार्षद द्वारा कई बार अफसरों को व्यवस्था सुधारने को कहा जा चुका है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा दो के मुख्य प्रबंधक नवीन सिंह को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जीटी रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा दो के मुख्य प्रबंधक नवीन सिंह जी को उनके जन्म दिवस पर शाखा प्रबंधक विक्रय संजय मित्तल एवं बीमा परिवार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार के साथ सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और अभिकताओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

बधाई देते हुए शाखा प्रबंधक विक्रय संजय मित्तल ने उनके लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना की। उन्होंने सिन्हा जी को मृदुल स्वभाव और सकारात्मक व्यक्तित्व का धनी बताया। बीमा परिवार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने अपने बधाई संदेश में उनके लिए ईश्वर से प्रार्थना की प्रभु उन्हें अच्छा स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें। उन्होंने नवीन सिन्हा जी को निगम हित में शाखा से जुड़े सभी लोगों का मनोबल और उत्साह बढ़ाने वाला बताया। मुख्य प्रबंधक नवीन सिंह जी ने बधाई देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और अभिकताओं का मुंह मीठा कराते हुए आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में प्रशासनिक प्रबंधक आईपीएस गौतम, दीपक अग्रवाल, उप प्रबंधक विक्रय दिग्विजय सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रितेश अग्रवाल, मनोज बिश्नोई, वीणा शर्मा, जय भगवान, दीप्ति नरूला, विपिन अग्रवाल, बीएस नेगी, आर अनुराधा, आयुषी, सुनील, राजीव गुप्ता, पंकज शर्मा, केपी सिंह, राजीव शर्मा, अनुज चौहान, जितेंद्र रावत, गौरव, मयंक वाजपेई, रुचि शर्मा, पूनम, सुरभि, स्वाति सिंह, चंचल सैनी, राजकुमार मुकुल उपाध्याय आदि प्रमुख है।

## एसपी की हत्या की साजिश मामले में तीन सिपाही समेत चार लोगों को 10 साल की सजा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। एसपी ट्रैफिक कल्पना सक्सेना की हत्या की कोशिश के मामले में कोर्ट ने तीन सिपाहियों समेत चार लोगों को दोषी पाते हुए 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। आप को बता दें कि 2010 में हाईवे पर उगाही करते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद तत्कालीन एसपी ट्रैफिक कल्पना सक्सेना की हत्या की कोशिश की गई थी।

15 साल पुराने इस मामले में एंटी करप्शन कोर्ट के स्पेशल जज सुरेश कुमार गुप्ता ने सिपाही रावेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मनोज कुमार और उनके मददगार ऑटो चालक धर्मेंद्र को दोषी करार दिया था। सोमवार को सभी दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाते हुए 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। बता दें, तीनों सिपाही उस वक्त ट्रैफिक पुलिस में ही तैनात थे। घटना के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। कल्पना सक्सेना अब गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एडिशनल कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। तत्कालीन एसपी कल्पना सक्सेना ने ही इस मामले में थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा था कि 2 सितंबर 2010 को उन्हें गोपनीय सूचना मिली थी कि ट्रैफिक पुलिस के कुछ सिपाही थाना कैंट क्षेत्र में फरीदपुर रोड मजार के पास हाईवे पर ट्रकों को रोककर अवैध वसूली कर रहे हैं। वह अपनी सरकारी गाड़ी से शाम सवा पांच बजे मौके पर पहुंचीं तो पाया कि फरीदपुर की तरफ से आने वाले कुछ ट्रक सड़क किनारे खड़े थे। सड़क के दूसरी तरफ मजार के पास सफेद मारुति कार खड़ी थी। कुछ लोग कार में बैठे थे और कुछ बाहर खड़े थे। अपनी गाड़ी ट्रकों की आड़ में खड़ी कर वह अपने हमराह और ड्राइवर के साथ पैदल कार के नजदीक पहुंचीं।

## पेट्रोल पंप पर हुई 10.70 लूट का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। 25 फरवरी 2025 को साहनी गेट इलाके में मेरठ रोड स्थित शुभम पेट्रोल पंप कर्मचारी 10 लाख 70 हजार रुपए लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में बाइक पर सवार आए दो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर मैनेजर और पेट्रोल पंप कर्मचारियों को रोका और उनसे स्कूटी लेकर फरार हो गए। मधुबन बापूधाम पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पेट्रोल पंप के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में दो आदमी पिछले 15 दिनों से लगातार नजर आ रहे थे। 2024 में हापुड़ में भी एक पेट्रोल पंप पर ऐसी ही लूट हुई थी। 2024 जून में भी गाजियाबाद के राजनगर पेट्रोल पंप के मैनेजर के साथ राजनगर में लूट की घटना को अंजाम उसे समय पंप मैनेजर से 9 लाख 80 हजार की लूट की थी। पुलिस लगातार इन लुटेरों की तलाश कर रही थी और हापुड़ पुलिस से भी संपर्क बनाए हुए थे। पुलिस के मुताबिक यह इतने शातिर किस्म की अपराधी हैं की घटना करते समय यह लोग मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते हैं। ये अपराधी पिछले कई सालों से पेट्रोल पंप कर्मचारियों से लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। इन्होंने 4 साल पहले भी गुजरात के पेट्रोल पंप में एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया था। इन लोगों का टारगेट पेट्रोल पंप होता है। पंप से मोटा पैसा बैंक में जमा होने जाता है। जब बैंक बंद होते हैं तो उसके अगले दिन पंप से मोटा पैसा जमा होने जाता है, कि उनसे आसानी से लूटा जा सकता है। यह लोग 15 दिनों तक उसे रास्ते की रेकी किया करते हैं जहां से पंप मैनेजर बैंक में पैसे जमा करने जाता है। उसके बाद यह लोग प्लानिंग से लूट की घटना को अंजाम दिया करते हैं। यह लोग सभी बुलंदशहर के रहने वाले हैं और यह लोग बस का इस्तेमाल किया करते हैं लूट में जाने के लिए और लूट के बाद भी ये लोग बस से वापस चले जाते है। ताकि पुलिस इन तक न पहुंच सके।

# अवैध निर्माण के खिलाफ मुरादनगर में गरजा बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। बिना नक्शा स्वीकृति किए अवैध निर्माण करने वालों पर जीडीए का बुलडोजर तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर ग्राम भिक्क्नपुर मुरादनगर निकट इंद्रप्रस्थ कालोनी, मुरादनगर के खसरा संख्या-614,615 में संतोष व रवींद्र आदि द्वारा लगभग 7000 वर्ग मीटर पर मिट्टी भराई व चिनाई का कार्य, देवेन्द्र, नितिन कुमार, रविन्द्र व सचिन आदि द्वारा खसरा संख्या- 471,472,473 के लगभग 6000 वर्ग मीटर पर मिट्टी भराई व दीवारों का निर्माण, हेमलता पत्नी नरेंद्र गर्ग, योगेश शर्मा व दिनेश शर्मा द्वारा खसरा संख्या-475 के लगभग 18 बीघा पर अनाधिकृत कालोनी एवं हेमलता, दिनेश शर्मा व योगेश शर्मा द्वारा पूर्व मे निर्मित कालोनी के दायी ओर एवं बायीं ओर लगभग 20-20 बीघा में अनाधिकृत कालोनी का निर्माण एवं विकास कार्य किया जा रहा था। उक्त सभी अवैध निमार्णों के विरुद्ध प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए सड़क, बाउण्ड्रीवाल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/ निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया। लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया गया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिए गए बिना अनुमति के किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## नशा मुक्त बनाने के लिए एनसीओआरडी बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जनपद को नशा मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए मंगलवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनसीओआरडी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी (नगर) गंभीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में नशे के विरुद्ध व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि एक युद्ध-नशे के विरुद्ध टैगलाइन के तहत जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए ताकि समाज में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जन जागरूकता बढ़े और अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लग सके। बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभागों से क्रमवार नशे के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों का विवरण लिया गया और आगे की रणनीति तय की गई। एडीएम सिटी ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशा मुक्ति अभियान के प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता दी जाए।

# पेट्रोल पंपों पर सुविधाओं की होगी सघन जांच, सुविधाओं की कमी पर होगी कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। शहर में सार्वजनिक सुविधाओं को दुरुस्त करने के अभियान के तहत प्रशासन ने पेट्रोल पंपों पर पेयजल और शौचालय की अनिवार्य व्यवस्था के निर्देश जारी किए हैं। अपर जिलाधिकारी (नगर) गम्भीर सिंह ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी पेट्रोल पंप पर पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं मिली, तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एडीएम सिटी ने विभागीय टीम को निर्देश दिया कि सभी पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां पेयजल और शौचालय की उचित व्यवस्था हो। उन्होंने साफ कहा कि साफ-सफाई से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेयजल और शौचालय की सुविधा नाममात्र की होती है या फिर उनकी हालत बेहद खराब होती है। यात्रियों, खासकर महिलाओं, को इसका सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। अगर जांच के दौरान किसी भी पेट्रोल पंप पर ये आवश्यक सुविधाएं नदारद मिलीं, तो संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एडीएम सिटी ने यह भी कहा कि केवल शौचालय और पेयजल की व्यवस्था करना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनकी नियमित सफाई भी अनिवार्य होगी। अगर किसी भी पेट्रोल पंप पर गंदगी या अव्यवस्था पाई गई तो संबंधित पेट्रोल पंप को क्लीन नोटिस जारी किया जाएगा, साथ ही लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश तक की जा सकती है। प्रशासन की इस पहल से अब यात्रियों को पेट्रोल पंपों पर बुनियादी सुविधाओं की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अक्सर हाईवे और शहर के अंदरूनी हिस्सों में स्थित पेट्रोल पंपों पर शौचालय गंदे होते हैं या फिर पेयजल उपलब्ध ही नहीं होता, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। अब इन निर्देशों के बाद उम्मीद है कि पेट्रोल पंप संचालक अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेंगे और जरूरी सुधार करेंगे।

## जैविक खेती के लिए 28 किसानों को 21 दिन तक दिया प्रशिक्षण

**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय जैविक संस्थान गाजियाबाद द्वारा मंगलवार को देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हुए 28 किसानों को जैविक खेती में 21 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पांच फरवरी से शुरू होकर 25 फरवरी मंगलवार को समाप्त हुआ।

प्रशिक्षण में कुल 19 वैज्ञानिकों ने जैविक खेती के अलग-अलग विषयों पर बात की व प्रैक्टिकल कर उनको सिखाया। साथ ही प्रशिक्षण में आए हुए 28 किसानों को केंद्र में एक-एक प्लॉट उपलब्ध कराया गया। जिसमें सभी किसानों ने अपने-अपने राज्यों में होने वाली प्रमुख खेती कि फसलों को जैविक खेती के आधार पर उगाया।

## अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल के विरोध में भरी हुंकार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल को लागू करने का कार्य किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जोर-जोर से चल रही है। वही अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल को वापस लेने के लिए देश भर के वकीलों द्वारा इसका विरोध भी किया जा रहा है। विरोध के चलते सरकार और राष्ट्रपति को ज्ञापन देने का सिलसिला भी बार एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल को वापस लेने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में कार्य से वितरित रहने का आह्वान किया गया। इस मामले में गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा 25फरवरी 2025 को अधिवक्ता संशोधन अधिनियम विधेयक 2025 के विरोध में समस्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश से आह्वान किया था कि 25 फरवरी 2025 को समस्त जनपद बार एसोसिएशन, तहसील बार एसोसिएशन पूर्णतया रजिस्ट्री कार्यालय बंद रखेंगे। जिस कारण बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से वितरित रहे है तथा किसी भी न्यायालय में कार्य नहीं किया गया हालांकि इस बीच कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में कार्य करते हुए संलिप्त पाए गए तो उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यह भी उल्लेखनीय है की स्टांप वेंडर तथा टाइपिस्ट भी अपना कार्य पूर्णता बंद रखेंगे। यदि कोई भी स्टांप वेंडर या टाइपिस्ट बार एसोसिएशन गाजियाबाद के प्रस्ताव के बावजूद कार्य करते पाया गया तो उसके विरुद्ध बार एसोसिएशन गाजियाबाद दंडात्मक कार्यवाही करेगी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक शर्मा ने आगे बताया कि सरकार द्वारा अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल को वकीलों पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है। जिससे वकीलों का हनन करने का कार्य किया जाएगा। इसके विरोध में तमाम बार एसोसिएशन द्वारा इसका विरोध भी किया जा रहा है और किसी भी हालत अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल को लागू नहीं होने दिया जाएगा।

## छापेमारी में 87 लाख की दवाई बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र के इलाइचीपुर गांव स्थित खांसी के प्रतिबंधित कफ सिरप के गोदाम पर पुलिस और औषधि विभाग ने छापेमारी की। गोदाम से पुलिस ने एक आरोपी गौतम सिंह निवासी बहराइच को गिरफ्तार किया। गौतम के दो साथी पुलिस के हाथ नहीं आए। पुलिस ने मौके से करीब 87 लाख रुपये की दवाई बरामद की। गोदाम से करीब 40926 कफ सिरप बरामद हुए हैं। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि इलायचीपुर गांव में गोदाम में अवैध रूप से खांसी के सिरप को पैकिंग करके बेचने का काम चल रहा था। पुलिस ने औषधि विभाग के साथ मिलकर मंगलवार को गोदाम पर छापेमारी की। मौके पर पुलिस ने गौतम सिंह को पकड़ा। गोदाम पर 273 कार्टून मिले। कार्टून में 40926 कफ सिरप थे। पूछताछ में गौतम सिंह ने बताया कि वह अपने दो साथियों विमल पांडेय व मनोज कुमार के साथ मिलकर यह गोदाम चलता है। दिल्ली से दवाई लाकर गोदाम पर कार्टून में पैक करते हैं। किसी को पता ना लगे इसके लिए वह कार्टून के ऊपर और नीचे कंबल रखते थे।